भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 274 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 28 सितम्बर 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस हजार वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

अमेरिका में फिर नमो नमो, यूएस मीडिया में भी छाए रहे पीएम मोदी

सुर्खियों में क्वाड शिखर सम्मेलन, कटघरे में चीन और पाक

वाशिंगटन (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अमेरिका दौरा काफी अहम था। भारतीय मीडिया ने ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया एवं अमेरिका मीडिया ने भी प्रधानमंत्री मोदी को विशेष स्थान दिया। अमेरिका दौरे पर मोदी की अमेरिका राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से मुलाकात को अमेरिका अखबरों ने कवरेज किया। भारतीय मीडिया में इन मुलाकातों की काफी चर्चा हुई। ऐसे में सवाल उठता है कि मोदी की इस यात्रा को लेकर अमेरिका मीडिया में किस तरह की प्रतिक्रिया रही। इसके साथ यह भी देखेंगे कि अमेरिका मीडिया ने चीन और पाकिस्तान को किस तरह से कवरेज दिया। हाउडी मोदी कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी दूसरी बार अमेरिका में पूरी तरह से छाए रहे। अमेरिका समेत दुनिया के दूसरे देशों में क्वाड शिखर वार्ता की काफी चर्चा रही। अमेरिका मीडिया में इसे अच्छा कवरेज मिला। अमेरिका के एक प्रमुख अखबार वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट में बाइडन की ओर से भारत को आकस को लेकर भरोसा दिलाने का भी जिक्र है। इसमें लिखा है कि क्वाड के मुख्य कार्यक्रम से पहले बाइडन ने कहा कि वह प्रधानमंत्री मोदी के साथ एक मजबूत साझेदारी निभाने जा रहे हैं।वाशिंगटन पोस्ट लिखता है कि अफगानिस्तान से अमेरिका सैनिकों के बाहर निकलने के बाद बाइडन प्रशासन का ध्यान अब पूरी तरह से चीन पर है। अखबार में आगे कहा गया है कि अमेरिका को भारत की चिंताओं पर ध्यान देना होगा। अमेरिका को भारत की चिंताओं को दूर करना होगा।



अखबार में कहा गया है कि भारत को चीन से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही अमेरिका को पाकिस्तान और अफगानिस्तान के इस्लामी चरमपंथी समूहों से खतरा बना हुआ है, जिनको भारत भी शत्रु की तरह देखता है। द वाशिंगटन पोस्ट ने लिखा है कि बाइडन या उनके किसी भी मेहमान ने इस बैठक के दौरान चीन या बीजिंग का नाम नहीं लिया। उनके एजेंडे में चीन पर खुलकर कुछ नहीं कहा गया। बाइडन ने कहा कि इस समूह की पहली बड़ी पहल भारत में बनी एक अरब कोरोना वायरस वैक्सीन की खुराक का वितरण करना है। अखबार ने इसे बाइडन प्रशासन का सही कदम बताया है।अमेरिका के एक अन्य प्रमुख अखबार वाल स्ट्रीट नरल ने भी क्वाड शिखर वार्ता का जिक्र किया है। अखबार लिखता है कि क्वाड्रिलेटेरल सिक्योरिटी डायलाग के नाम से 2000 के मध्य में आयोजित हुआ कार्यक्रम आज एक समूह बन चुका है। बैठक के बाद क्वाड देशों के बीच कई क्षेत्रों में समझौते होने की संभावनाएं बढ़ी हैं। सुरक्षा विशेषज्ञों के हवाले से बताया गया है कि ताजा बदलावों से एकजुटता दिखाने की जरूरत पता चलती है। जापान के प्रमुख अखबार जापान टाइम्स ने अपनी खबर में प्रधानमंत्री मोदी और जापान के पीएम योशिहिदे सुगा की मुलाकात को अपनी लीड खबर बनाया है।

गोवा के पूर्व सीएम फलेरियो का कांग्रेस से इस्तीफा, कहा- 'नहीं दिख रहा पार्टी का कोई भविष्य'

गोवा (एजेंसी)। गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री लुईजिन्हो फलेरियो ने आज राज्य विधानसभा सदस्यता और कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को दिए अपने त्यागपत्र में उन्होंने लिखा है कि ठवर्तमान स्थिति को देखते हुए मुझे पार्टी का कोई भविष्य नजर नहीं आ रहा है। ऐसी अटकले भी हैं कि फलेरियो जल्द ही ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल हो सकते हैं. उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि गोवा को विश्वसनीय विकल्प की जरूरत है. उधर, अगले साल गोवा में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले फलेरियो का कांग्रेस छोड़ना और टीएमसी का गोवा चुनाव में दिलचस्पी दिखाना प्रदेश में नए राजनैतिक समीकरण पैदा कर रहा है। कांग्रेस की अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखे दो पन्नों से एक पत्र में फलेरियो ने कई बातों का उल्लेख किया। कांग्रेस के साथ 40 सालों को याद किया। साथ ही पार्टी के प्रति अपने किए कार्यों का उल्लेख भी किया। पत्र में फलेरियो ने गोवा कांग्रेस पर भी सवाल उठाए। पार्टी में चल रहे अंतर्कलह पर सवाल

उठाते फलेरियो ने लिखा कि पार्टी की ओर से मुझे बार-बार हतोत्साहित किया गया।

वे लिखते हैं, ठ2017 विधानसभा चुनाव का उल्लेख करते हुए फलेरियो लिखते हैं कि हमने प्रदेश चुनाव में 17 सीटें जीती। हमारे पास निर्दलीय विधायकों का भी सपोर्ट भी था, लेकिन हमारे आपसी मतभेदों के कारण बीजेपी बहुमत साबित करने में कामयाब रही और हमने जनता को नाउम्मीद किया। इन साढ़े चार सालों में मैंने पार्टी को जोड़ने का पूरा प्रयास किया लेकिन हाईकमान की नजरअंदाजी हर बार भारी पड़ी। उन्होंने लिखा, ठअब तक, किसी को भी हमारे 13 विधायकों के नुकसान के लिए जवाबदेह नहीं ठहराया गया। ठगोवा में कांग्रेस अब वो पार्टी नहीं है जिसके लिए हमने बलिदान दिया और लड़ाई लड़ी। यह अपने संस्थापकों के हर आदर्श और सिद्धांत के विपरीत काम कर रही है .ठ, फलेरियो ने अपने खत में इंदिरा गांधी, राजीव गांधी का भी जिक्र किया।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपनी गोवा इकाई के लिए लापरवाह बन गई है। ठनेताओं की एक टोली जनता के लिए अच्छा करने और सोचने के बजाय अपने व्यक्तिगत लाभ को प्राथमिकता दे रहे हैं।

योगी मंत्रिमंडल में शामिल नए मंत्रियों को बांटे गए विभाग

लखनऊ (एजेंसी)। योगी मंत्रिमंडल में रविवार को शामिल सभी सात विधायकों को सोमवार को विभागों की जिम्मेदारी दे दी गई। इसकी जानकारी खुद सीएम योगी ने ट्वीट से दी। उन्होंने विभागों का बंटवारा करने के साथ ही उम्मीद जगाई कि सभी के कुशल, अनुभवी एवं कर्मठ नेतृत्व में संबंधित विभाग विकास की नई ऊंचाइयों को स्पर्श करेंगे। रविवार को जिन सात विधायकों को मंत्री बनाया गया था उनमें केवल जितिन प्रसाद को कैबिनेट और अन्य लोगों को राज्यमंत्री की जिम्मेदारी दी गई थी। जितिन प्रसाद को प्राविधिक शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राज्य मंत्री पल्टू राम को सैनिक कल्याण, होमगार्ड, प्रान्तीय रक्षक दल एवं नागरिक सुरक्षा विभाग दिया गया है। राज्य मंत्री डॉ.

संगीता बलवंत को सहकारिता विभाग और धर्मवीर प्रजापति को औद्योगिक विकास विभाग दिया गया है। राज्यमंत्री छत्रपाल सिंह गंगवार को राजस्व विभाग और राज्यमंत्री संजीव कुमार को समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग का जिम्मा मिला है। राज्य मंत्री दिनेश खटीक को जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग की जिम्मेदारी मिली है। गौरतलब है कि योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे मंत्रिमंडल के विस्तार में मनोनीत विधान परिषद सदस्य जितिन प्रसाद को कैबिनेट मंत्री की शपथ दिलाई गई। इनके साथ ही एक विधान परिषद सदस्य और पांच विधायकों को राज्य मंत्री की शपथ दिलाई गई। रविवार शाम राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए जितिन प्रसाद को कैबिनेट मंत्री तथा छत्रपाल सिंह गंगवार, पल्टू राम, डा.संगीता बलवंत, संजीव कुमार, दिनेश खटीक और धर्मवीर प्रजापति को राज्य मंत्री के तौर पर पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इन सात नए मंत्रियों को मिलाकर टीम योगी आदित्यनाथ में अब कुल 60 सदस्य हो गए हैं जो मंत्रिमंडल की अधिकतम संख्या है। इनमें 24 कैबिनेट मंत्री, नौ राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 27 राज्य मंत्री हैं। इनमें चार महिला मंत्री शामिल हैं। जितिन प्रसाद को कैबिनेट मंत्री बनाकर भाजपा ने उनसे अपना वादा निभाया है।

सवा लाख आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आज सीएम योगी बांटेंगे स्मार्ट फोन

लखनऊ (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन का तोहफा देंगे। प्रदेश के 1 लाख 23 हजार से ज्यादा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही इन्फेन्टोमीटर भी वितरित होगा। कार्यक्रम में लखनऊ व उन्नाव की 30 कार्यकत्रियों को फोन व इन्फेन्टोमीटर सीएम योगी अपने हाथों से देंगे। नवजात बच्चों की वृद्धि नापने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र को नवजात वृद्धि निगरानी यंत्र (इंफेंटोमीटर) दिया जा रहा है। स्मार्ट फोन से लैस होने के बाद बच्चों के पुष्टाहार और देखभाल समेत आंगनबाड़ी से संचालित होने वाली योजनाओं को ज्यादा प्रभावी तरीके से लागू किया जा सकेगा। वहीं इस स्मार्टफोन के माध्यम से भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा।

रामलीला के आयोजनों को सीएम योगी की हरी झंडी

लखनऊ (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी में रामलीला के आयोजनों को हरीझंडी दे दी है। योगी ने निर्देश दिए हैं कि रामलीला का मंचन खुले मैदान में कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए कराया जाए। उन्होंने कहा कि रामलीला आयोजन की समृद्ध परंपरा रही है। नवरात्रि, दशहरा व दीपावली के पर्व नजदीक हैं। रामलीला कमेटियों की तैयारियां शुरू हो गई हैं। सभी कमेटियों से बातचीत कर उन्हें कोविड प्रोटोकॉल के अनुरूप आयोजन करने के लिए प्रेरित किया जाए। रामलीला मैदान की क्षमता के अनुरूप दर्शकों के शामिल होने की अनुमति दी जाए। गौरतलब है कि पिछले साल कोरोना के कारण रामलीला के आयोजन नहीं हुए थे। कुछ समितियों ने केवल मुकुट पूजन के साथ परंपराओं का निर्वहन किया था। सीएम योगी के निर्देश के बाद माना जा रहा है कि एक बार फिर रामलीलाएं पहले की तरह भव्य हो सकेंगी।

कृषि कानूनों के खिलाफ बंद बेअसर, पंजाब में आंदोलनकारियों ने रोकी ट्रेनें

नई दिल्ली (एजेंसी)। कृषि सुधार कानूनों का विरोध कर रहे किसान संगठनों का सोमवार को आयोजित भारत बंद बेअसर रहा। हरियाणा, मध्य प्रदेश व दूसरे राज्यों में सबकुछ सामान्य रहा। राजधानी में भी जनजीवन पर कोई असर नहीं पड़ा। अलबत्ता, एहतियातन किए गए प्रबंधों से राजधानी की सीमाओं पर जाम से लोग परेशान हुए। पंजाब में आंदोलनकारियों ने रेल परिचालन में व्यवधान डाला, जिससे करीब 50 ट्रेनों का आवागमन प्रभावित हुआ। अतीत से सबक लेते हुए दिल्ली में पुलिस ने मजबूत सुरक्षा उपाय किए थे। रूट डायवर्जन और वाहन चेकिंग के कारण लोग घंटों जाम से जूझे। दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस वे पर दिल्ली की सीमा की ओर करीब पांच किमी लंबा जाम लग गया। गाजियाबाद में प्रदर्शनकारियों ने सुबह से ही डीएमई की दिल्ली से आने वाली लेन को बंद कर दिया। दिल्ली-नोएडा बार्डर पर भी वाहन चेकिंग से जाम लग गया। मध्य प्रदेश में सबकुछ सामान्य रहा। हरियाणा में भी इसका कोई असर नहीं दिखा। पंजाब में कई जगहों पर बाजार, औद्योगिक इकाइयां व शिक्षण

संस्थान बंद रहे। किसान संगठनों ने कई जगह सड़क और रेल यातायात बाधित कर दिया। मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में भारत बंद का समर्थन किया गया। झारखंड के ज्यादातर इलाकों में सुबह से 12 बजे तक लंबी दूरी की बसों का आवागमन प्रभावित रहा, जबकि रेल सेवा सामान्य रही। ओडिशा में बंद समर्थकों ने दुकानों, बाजारों को बंद कराया। जगह-जगह जाम लगाने से यातायात व्यवस्था बाधित रही। रेल यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल, अंबाला मंडल और फिरोजपुर मंडल में लगभग 20 स्थानों पर प्रदर्शनकारी ट्रैक पर कब्जा कर धरने पर बैठ गए।

मध्य प्रदेशः आकाशीय बिजली का तांडव, दो जिलों में कम से कम 9 लोगों की मौत, मृतकों में सात महिलाएं

भोपाल (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के देवास और आगर मालवा जिलों में सोमवार को आकाशीय बिजली गिरने की अलग-अलग घटनाओं में सात महिलाओं सहित कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि देवास जिले के डेरिया गुडिया, खल और बामनी गांवों में आज दोपहर बिजली गिरने की तीन अलग-अलग घटनाओं में पांच महिलाओं सहित नौ में से छह लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि इसी तरह आगर मालवा जिले के नलखेड़ा थाना अंतर्गत मनासा, पिलवास और लसुदिया केलवा गांवों में तीन अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाओं और एक लड़के सहित तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। चौहान ने कहा कि देवास एवं आगर मालवा जिलों में आकाशीय बिजली गिरने से कई अमूल्य जिंदगियों के असमय निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान और परिजनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना करता हूं। विनम्र श्रद्धांजलि। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घटनाओं पर दुख व्यक्त करते हुए दोनों जिलों के कलेक्टरों को अनुग्रह राशि प्रदान करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार की ओर से प्रत्येक मृतक के परिवार को चार-चार लाख रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी।

आकाश मिसाइल के अडवांस वर्जन का सफल परीक्षण

नई दिल्ली (एजेंसी)। जमीन से आसमान में मार करने वाले आकाश मिसाइल के अडवांस वर्जन का परीक्षण सोमवार को सफल रहा। ओडिशा के चांदीपुर इंटिग्रेटेड टेस्ट रेंज (घ्छिं) से दागे गए इस मिसाइल ने टारगेट को सफलतापूर्वक ध्वस्त किया। 'आकाश प्राइम' मिसाइल ने दिखाया कि वह किस तरह दुश्मन के विमानों का पता लगाकर इसे ध्वस्त करने में सक्षम है। डिफेंस रिसर्च एंड डिवेलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (ड्रंध्) ने कहा कि 'आकाश प्राइम' का ओडिशा के चांदीपुर आईटीआर से सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। इसने मानवरहित एरियल टारगेट को दुश्मन का विमान मानते हुए इसकी तलाश की और मार गिराया। मिसाइल में नए फीचर्स जोड़ने के बाद पहली बार इसका परीक्षण किया गया है। एक अधिकारी ने कहा, ''वर्तमान आकाश प्रणाली की तुलना में 'आकाश प्राइम' में सटीकता के लिए आर एफ का पता लगाने की स्वदेशी तकनीक लगी है। अन्य सुधार के चलते भी ऊंचाई पर कम तापमान वाले वातावरण में यह भरोसेमंद प्रदर्शन कर सकती है।

कोरोना से मौत पर परिवार को मुआवजा देने के लिए गृह मंत्रालय ने राज्यों को जारी किया आदेश

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के बाद, गृह मंत्रालय ने सोमवार को कोविड-19 से मरने वालों के परिजनों को 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि देने के आदेश जारी कर दिया है। पिछले साल महामारी की शुरुआत के बाद से देशभर में कोरोना संक्रमण से 4.4 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। राज्यों को भेजे गए एक पत्र में, गृह मंत्रालय ने कहा कि परिजनों को दी जाने वाली यह राशि राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष से बाटी जाएगी। एसडीआरएफ राज्य सरकारों के पास उपलब्ध प्राथमिक कोष है। इसका उपयोग पीड़ितों को तत्काल राहत प्रदान करने पर होने वाले खर्च को पूरा करने के लिए होता है। केंद्र सामान्य श्रेणी के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए एसडीआरएफ आवंटन का 75 फीसदी और विशेष श्रेणी के राज्यों (पूर्वोत्तर राज्यों, सिक्किम, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर) के लिए 90 फीसदी का योगदान देता है। कोविड-19 को 14 मार्च 2020 को गृह मंत्रालय की ओर से आपदा के रूप में अधिसूचित किया गया था। गृह मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा है कि स्वास्थ्य मंत्रालय और भारतीय परिषद द्वारा 3 सितंबर को जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार उन मृतक के लिए भी अनुग्रह राशि लागू होती है जो लोग राहत कार्यों या फिर तैयारी की गतिविधियों में शामिल थे। उनकी मौत को भी कोविड-19 के रूप में प्रमाणित किया जाता है। आदेश में कहा गया है कि यह अनुग्रह सहायता देश में पहला केस सामने आने की तारीख से लागू होगी और आपदा के रूप में या अगले अदेश तक कोविड-19 का गैर-अधिसूचना तक जारी रहेगी।

इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में पिछले हुई सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार बताया था कि कोविड-19 से मरने वालों के परिजनों को 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि मिलेगी। हालांकि, सरकार ने यह बता दिया था कि यह राशि राज्य सरकार की ओर से दी जाएगी।

केरल हाई कोर्ट से केंद्र को झटका, कोविशील्ड की दूसरी खुराक पर 4 सप्ताह का भी दें विकल्प

नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल हाई कोर्ट ने कोरोना वैक्सीन को लेकर एकल बेंच के आदेश पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया है। हाई कोर्ट के इस फैसले से केंद्र सरकार को झटका लगा है। इसमें केंद्र सरकार को कोविन पोर्टल पर प्रावधान करने के लिए निर्देशित किया गया है कि जो लोग कोविशील्ड वैक्सीन की दूसरी खुराक चार सप्ताह के बाद लेने के इच्छुक हैं, वे प्रारंभिक प्रोटोकॉल के अनुसार ही इसे शेड्यूल कर सकते हैं। बता दें कि एकल पीठ के फैसले के खिलाफ केंद्र सरकार ने केरल हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। जिसमें जज पीबी सुरेश कुमार की अदालत ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकारों को जरुरत पड़ने पर कोविशील्ड की दूसरी खुराक की अवधि में 4 सप्ताह का विकल्प भी देना चाहिए। इससे पहले 6 सितंबर को भी अदालत ने केंद्र को कोविन पोर्टल में बदलाव करने का निर्देश दिया था ताकि चार सप्ताह के बाद भी कोविशील्ड टीकों की दूसरी खुराक का समय निर्धारण किया जा सके। दरअसल, दो कंपनियों के कर्मचारियों की ओर से कोविशील्ड की दूसरी खुराक को चार सप्ताह के भीतर लेने का अनुरोध करते हुए कोर्ट में अपील दायर की गई थी। जिस पर केंद्र सरकार ने अपना तर्क दिया था कि वैक्सीन की दोनों खुराकों के बीच गैप 84 दिन का है। जिस पर कोर्ट ने कहा था कि सरकार को अपने कोविन पोर्टल पर वैक्सीन की दूसरी खुराक लेने के लिए 4 सप्ताह का भी विकल्प देना चाहिए। इस पर सॉलिसिटर जनरल पी विजयकुमार ने सरकार की ओर से हाई कोर्ट में अपील की कि एकल बेंच के फैसले पर रोक लगाई जाए।

खबर संक्षेप

रिहर्सल के लिए जा रहे युवक पर दबंगों ने किया हमला गंभीर

उतराव। उतरांव थाना क्षेत्र के मैराडॉन गांव में रिहर्सल के लिए जा रहे युवक पर गांव के दबंगों द्वारा हमला कर दिया। वही लाठी-डंडे से पीटकर युवक को लहूलुहान कर दिया। गंभीर अवस्था में युवक ने परिजनों को सूचना देते हुए 112 नंबर पुलिस को सूचना दी।मैराडॉन थाना उतराव निवासी सनी भारतीय जो रविवार देर शाम लगभग 9 बजे के करीब वह रामलीला पाठ सम्बन्धित रिहर्सल के लिए गांव में ही जा रहा था कि गांव के ही दबंगों द्वारा घेराबंदी कर युवक पर लाठी-डंडे से हमला कर लहूलुहान कर दिया। वहीं गंभीर अवस्था में युवक परिजनों को सूचना देते हुए 112 नंबर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच में जुट गई।पीड़ित उतराव थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की तो आरोप है कि पुलिस द्वारा गंभीर रूप से घायल युवक का मुकदमा नहीं पंजीकृत किया गया। वही दबंगों द्वारा कुछ बिचौलिया को लेकर समझौते का दबाव बनाया जा रहा था। पीड़ित युवक उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाने की बात कही। फिर हाल समाचार लिखे जाने तक पीड़ित युवक की एफ आई आर दर्ज नहीं की गई।

मनगढ़ंत कहानियों में बंद हो गई बेटी की आवाज

मृतक प्रियंका का शव व जांच पड़ताल करती पुलिस

अखंड भारत संदेश

सैदाबाद प्रयागराज। सैदाबाद पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले रसूलपुर गांव में एक बेटी की मनगढ़ंत कहानियां बनाकर मौत के घाट उतार दिया गया,यह घटना उस दिन का है जब पूरे भारत में सभी भारतवासी बेटी दिवस के रूप में मना रहे थे ' आपको बताते चलें कि रसूलपुर गांव कि प्रियंका तिवारी 22 पुत्री मणिशंकर तिवारी की बेटी है जो 2 वर्ष पहले गांव के ही कुछ दबंग लड़कों के चंगुल में फस गई ' तथा प्रियंका को झांसे में लेकर दबंग लड़कों ने बारी बारी से बलात्कार किए ' जब कुछ दिन बीत जाने पर प्रियंका गर्भवती हो गई तो दबंग लड़कों ने परिवार व माता-पिता के ऊपर दबाव बनाने लगे तथा कुछ पैसे देकर गर्भपात करवा दिया और मामला को रफा-दफा कर दिया ' ऐसा आसपास के नजदीक बाजारों में आने वाले लोगों का कहना है इस तरह की वारदात होने से प्रियंका के दिल और दिमाग में परिवार व गांव के दबंग लड़कों के प्रति डर समा गया जिससे वह कुछ गुमसुम तरीके से रहने लगी व आसपास के लोग प्रियंका को विक्षिप्त कहने लगे ' व घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस को हुई तो हंडिया कोतवाल बृजेश सिंह अपने दल बल के साथ रसूलपुर गांव पहुंच गए तथा लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए स्वरूप रानी भेज दिया।' अब क्या प्रियंका की मौत खुद कुएं में कूदकर जान देने से हुई या उस की हत्या गई यह जांच का विषय बना हुआ है।

प्रियंका की मौत पर परिजनों का कहना

परिजनों का कहना है कि प्रियंका थोड़ी सी विक्षिप्त हो गई थी जिससे घरवाले काफी परेशान रहते थे वह आए दिन किसी ना किसी बात को लेकर माता-पिता से बहस करने लगती थी इसी क्रम में शनिवार को प्रियंका ने पिता से जींस टॉप खरीदने की बात कही तो पिता ने आश्वासन दिया कि दीपावली के आसपास जींस टॉप दिला देंगे बस इतनी ही बात पर नाराज होकर घर के बाहर कुए पर जाकर इधर-उधर देखने के बाद कुएं में छलांग लगा दी जब तक परिजन कुए पर पहुंचते तब तक प्रियंका कूद चुकी थी काफी प्रयास के बाद भी प्रियंका को ना निकाल पाने से मौत हो गई जिस की जानकारी तत्काल पुलिस को दिया गया था।

खड़ी ट्रक में घुसे बाइक सवार एक की मौत दूसरे की हालत नाजुक

मेजा रोड। थाना क्षेत्र के बरसैता पुल के समीप बाइक सवार दो लोग खडीं ट्रक में जा घुसे जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को जिला अस्पताल भिजवा दिया जहां इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बरसैता का गांव निवासी राममूर्ति कनौजिया (44) पुत्र बंशीलाल तथा उमाशंकर निषाद रविवार शाम 7:00 बजे के आसपास हीरोपुक दोपहिया गाड़ी से मेजारोड बाजार की तरफ आ रहे थे जैसे ही वह बरसैता गांव के पुल के समीप पहुंचे ही थे तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ट्रक में जा घुसी। जिससे दोनों बुरी तरह गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी मेजारोड पंकज त्रिपाठी आनन-फानन में घायल दोनों लोगों को जिला अस्पताल के लिए भिजवा दिया इलाज के दौरान राममूर्ति की मौत हो गई वही दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है।

न्यूज झरोखा

कैबिनेट मंत्री व राज्य मंत्रियों को नियुक्त किए जाने पर भाजपाइयों में खुशी

घूरपुर। प्रदेश सरकार मे नव नियुक्त कैबिनेट मंत्री नितिन प्रसाद, राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति, छत्रपाल गंगवार, दिनेश खटीक, संजीव कुमार, डॉ संगीता बलवंत सिंह, पलटू राम को राज्य मंत्री बनाएं जानें पर भाजपाईयों में खुशी की लहर है। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के यमुनापार जिला अध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल ने बधाई देते हुए कहा कि नव नियुक्त केबिनेट मंत्री और राज्य मंत्री से पार्टी को अधिक मजबूती मिलेगी। जिला अध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल ने नव नियुक्त राज्य मंत्री छत्रपाल गंगवार के साथ पिछले कई विधान सभा चुनावों में साथ में प्रचार प्रसार की यादे साझा करते हुए बताया कि गंगवार जी प्रचार के दौरान आम जनता की कई मूलभूत समस्याओं को तत्काल निदान भी करते थे। उनकी क्षेत्रवासी जमकर सराहना करते थे। बधाई देने वाले भाजपाईयों में धर्मराज पाल, आशीष पाल, अनुपम सिंह, ई मयंक सिंह, डॉ सूर्या यादव, अखिलेश पटेल आदि दर्जनों भाजपाईयो ने बधाई दी। फोटो। पिछले विधान सभा चुनाव प्रचार के दौरान राज्य मंत्री गंगवार के साथ जिला अध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल

विधायक का बूथ संपर्क अभियान

कोराव। प्रयागराज विधान सभा कोराव के बूथ सम्पर्क अभियान में विधायक राजमणि कोल द्वारा बूथों पर सम्पर्क किया। विधायक राजमणि कोल ने पटेहरी, बैठकवा, बांस घाट,में पैदल ऊबड खाबड़ में चलकर सम्पर्क किया, साथ ही गाँवों में मृतकों के परिजनों के बीच पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की व परिवार को ढाढ़स बधाया ।भगवान से मृतक आत्मा को शांति प्रदान करें ईश्वर से कामना की।साथ में - उमा शंकर सिंह पटेल, रेवती पाल, कमलेश शुक्ल, मुरारी कोल, कृष्ण चन्द्र सिंह पटेल, रिन्कू दुबे,पी.आर.ओ रामाश्रय शुक्ल सहित कार्यकताओं के साथ रहे।

समाज सेवियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

करछना। स्वच्छ भारत मिशन प्रस्तावना विकासखंड करछना के अंतर्गत ग्राम सभा अरई में स्थित जरकुटी महादेव मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। क्षेत्र के ग्राम प्रधान अरई अशोक कुमार पटेल एवं ग्राम प्रधान निरिया अमृतलाल और समाजसेवी पवन कुमार यादव निरिया , सहायक विकास अधिकारी करछना के द्वारा कराया गया इस मौके पर न्याय पंचायत बीरपुर सफाई कर्मी मौजूद रहे सुरेश कुमार बिरहा, अजय कुमार महेवा, रंजीत चंदौली, राजधर मझियारी , घनश्याम हथसरा, विमलेश कुमार मदरा, उदल सोनकर झीरीलच्छीपुर, इंद्रभान लोहदी, सुनील कुमार सोनकर वीरपुर, शिव सुरत भगनपुर, अनिता कुशवाहा सरहा , अन्य गणमान्य वासी मौजूद रहे ग्राम प्रतिनिधि निरिया मुकेश कुमार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरई विनोद पटेल, इंद्रजीत वकील, उमाशिव, कृष्ण मोहन यादव निरिया, रोहित कुमार प्रजापति ,रविंद्र कुमार, महेश कुमार, डॉक्टर रजलू विश्वकर्मा केचुहा ,आदि लोग स्वच्छ भारत मिशन प्रस्तावना में मौजूद रहे सभी लोग समाजसे अभिया का नेतृत्व कर रहे पवन कुमार यादव को सराहनीय कार्य लोगों ने आभार व्यक्त किया है ।

कान्यकुब्ज भुर्जी वैश्य समाज की बैठक संपन्न

जारी। कान्यकुब्ज भुर्जी वैश्य समाज की बैठक दिन रविवार को जारी गांव में रखी गई जिसका संचालन ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने किया जिला उपाध्यक्ष विष्णु गुप्ता और नंदलाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष विष्णु गुप्ता भोजवाल द्वारा अपने संबोधन में कहां कि समाज में अपनी मजबूती के लिए भूर्जी बिरादरी का गठन के साथ-साथ हमारा समाज पिछड़ा हुआ है इसको कैसे बढ़ाया जाए अपने भूर्जी समाज को किस तरह प्रगति के रूप में लाया जाए और यह आगे की ओर कैसे बढ़े इसी बिंदु पर चर्चा परिचर्चा की गई कान्य कुब्ज समाज की बैठक में समाज के लोगों से संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया गया।राजनैतिक क्षेत्र में हमारी भागीदारी शून्य है जिसका कारण समाज में हमारा बिखराव और अपनी विशिष्ट पहचान न होना। समाज सेवा के क्षेत्र में हमें अपना योगदान सुनिश्चित करना चाहिए। भूर्जी समाज की बैठक में राकेश कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष अनिल, विजय को सचिव अरुण गुप्ता को कोषाध्यक्ष , दीपक गुप्ता को आय-व्यय निरीक्षक का पद दिया गया। इस अवसर पर बब्बू गुप्ता, रामजी गुप्ता, शिव जी गुप्ता ,प्रमोद गुप्ता ,सुग्गा, पंकज गुप्ता, मुन्नीलाल, आदि स्थानीय भुर्जी समाज के सदस्य सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

बबुआन स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बने

कोरांव। भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज द्वारा स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया। उक्त चयन से कार्यकताओं में हर्ष है।सभी पदाधिकारियों का बबुआन द्विवेदी के द्वारा आभार प्रकट किया गया। उन्होंने कहा कि जिले के सभी नगर पंचायत में कार्यकर्ता को खड़ा करना व सब को जोड़ कर युवाओ को ज्यादा संख्या में आगे ले आना व नगर पंचायतो में ज्यादा से ज्यादा कार्य के लिए प्रयास करना व जो भी समस्याएं हो उसको दूर कराना मेरी पहली प्राथमिकता होगी । द्विवेदी ने कहा यमुनापार के सभी नगर पंचायतों में नगर विकास मंत्री जी से बात कर समय माँगूंगा,जिससे ज्यादा संख्या में जो भी छोटी बड़ी समस्या हो उससे लोगो को राहत मिले । व पूरी ताकत से प्रयास करूंगा कि आने वाले समय मे 2022 में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने व नगर पंचायत के चुनाव में भी ज्यादा संख्या में अपने कार्यकर्ता चुनाव जीते ।

नमामि गंगे यमुनापार के संयोजक बने अमरेश तिवारी, पार्टी के समर्थकों में खुशी का माहौल

मेजा रोड। भारतीय जनता पार्टी के यमुनापार जिला अध्यक्ष विभवनाथ भारतीय ने पदाधिकारियों की घोषणा की है ।जिसमें मेजा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर व मेजा मंडल महामंत्री डॉ अरमेश तिवारी को नमामि गंगे यमुनापार का संयोजक मनोनीत किया गया है।अमरेश के मनोनयन पर पार्टी के पदाधिकारियों व समर्थकों ने बधाई दिया है। मनोनयन के बाद अमरेश तिवारी ने शीर्ष नेताओं तथा जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि पार्टी ने जो दायित्व मुझे सौंपा है उस पर खरा उतरने का प्रयास जारी रहेगा।

राष्ट्रीय प्रशिक्षण अभियान का दायित्व मिलने पर शीर्ष व जिला नेतृत्व का हार्दिक आभार

कोरांव। राष्ट्रीय प्रशिक्षण अभियान का दायित्व मिलने पर गणेश प्रसाद मिश्र ने कहा कि संगठन द्वारा दिये गए दायित्व का पूरी जिम्मेदारी व निष्ठा पूर्वक निर्वहन करूँगा साथ ही सभी शुभचिंतको व श्रेष्ठ जनों को हृदय से धन्यवाद दिया।

अभियंताओं की तकनीकी कमी से रेलवे अंडर पासिंग पुलिया में भर जाता है बरसात का पानी

अंडर पासिंग पुलिया से नहीं निकल पाता है बरसात का पानी

मेजा रोड। दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग के मेजारोड रेलवे स्टेशन के समीप बनाई गई अंडर पासिंग पुलिया में राहगीरों की मुसीबतें कम होती नजर नहीं आ रही है। जीएमआर कंपनी के द्वारा बनाए गए अंडर पासिंग पुलिया में अभियंताओं की तकनीकी खामी से जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं कराई गई है जिससे लोगों को आवागमन करने के दौरान घुटने भर पानी तथा कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है। वही रात के अंधेरे में बाइक व साइकिल सवार आए दिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं। अभियंताओं की तकनीकी खामी के चलते आम जनता परेशान हैं पुलिया में घुटने भर पानी भरा होने के कारण स्कूली छात्र छात्राओं को काफी फजीहत झेलनी पड़ रही है खास करके छोटे बच्चों को जो साइकिल से कोचिंग संस्थान या स्कूल को आवागमन करते हैं। अंडर पासिंग पुलिया के डिजाइन में कहीं न कहीं गडवड़ी जरूर है। जिसके चलते जलजमाव कीचड़ तथा कई जगह टूटने से निकली सरिया जानलेवा बन गई है। विभागीय अधिकारी मामले का संज्ञान लेते हुए इसकी समीक्षा कर आवागमन कूलर करने के लिए एहतियात कदम उठाएं जिससे कि राहगीरों की समस्याओं को दूर किया जा सके।

भारत बंद : भाकियू ने किया जोरदार प्रदर्शन

बारा तहसील मुख्यालय में एसडीएम को सौंपा 7 सूत्रीय ज्ञापन

ज्ञापन सौंपते किसान नेता

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। भारत बंद के समर्थन में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन ने जोरदार प्रदर्शन किया। संयुक्त किसान मोर्चा की अपील पर सडक पर उतरे भाकियू पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने प्रयागराज में कई जगह रास्ता जाम कर दिया। इस दौरान रास्ते में फंसे वाहनों को डायवर्ट कर दूसरी तरफ से निकाला गया।सूचना पर मुकामी पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारी किसानों को समझाने का प्रयास शुरू किया।

भाकियू जिलाध्यक्ष ने केंद्र व प्रदेश सरकार पर किसानों के उत्पीड? का आरोप लगाया। कहा कि तीन काले कानूनों को जब तक वापस नहीं लिया जाता, उनका यह प्रदर्शन जारी रहेगा। कहा कि किसानों की आय दोगुना करने का लालच देकर सत्ता में आई भाजपा सरकार खेती-किसानी को खत्म करने पर उतारू है। भाकियू इसे स्वीकार नहीं करेगी।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को किसानों की आह न तो सुनाई दे रही है और न ही दिखाई पड़ रही है। आने वाले चुनावों में उत्तर प्रदेश का किसान इसका मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार बैठा है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि भाकियू ने शंकरगढ़, कोरांव, बहरिया के साथ सराय ममरेज में भी चक्काजाम कर प्रदर्शन किया है।उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कहीं पर भी किसानों का उत्पीड? किया गया तो किसान अनिश्चित कालीन धरना-प्रदर्शन को बाध्य होंगे।

इसी क्रम में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक)) शंकरगढ़ के बैनर तले किसानों ने भारत बंद का पूर्ण समर्थन करते हुए सात सूत्रीय मांग पत्र उपजिलाधिकारी बारा सौम्या गुरुरानी को सौंपा। किसानों ने बारा तहसील मुख्यालय पर हुंकार भरते हुए केंद्र सरकार के तीनों काले कानून को वापस लेने के साथ ही तमाम समस्याओं की जानकारी एसडीएम को दी। मौके पर तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, गगन सिंह, कृष्ण बहादुर सिंह, अवध राज सिंह, हंसराज सिंह ,राजन ,छेदीलाल,अर्जुन सिंह, मान बहादुर सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, सर्वजीत सिंह, बब्बन सिंह, हरपाल, संतोष सिंह, रमेश कुमार आदि सैकड़ों किसान भारत बंद में सम्मिलित हुए।

एआईकेएमएस ने घूरपुर में रैली निकाल भारत बंद का किया समर्थन

घूरपुर में भारत बंद के समर्थन में रैली निकालते किसान

घूरपुर। संयुक्त किसान मोर्चा के भारत बंद के आवाह्न पर सोमवार के दिन अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के नेत्रत्व मे सैकड़ों किसान और मजदूरो ने घूरपुर क्षेत्र के कई गांवो में रैली निकालते हुए घूरपुर बाजार थाना गेट तक ले गए। इस बीच किसानो मजदूरों ने रैली निकाल कर भारत बंद का समर्थन किया। घूरपुर पुलिस ने रैली को रोकने की कोशिश की लेकिन रोकने में विफल रही। रैली के दौरान नारे लगाकर माँग किया, खेती के तीन काले कानून रद्द करने,सभी फसलों को एमएसपी पर खरीद की कानूनी गारंटी मिलने, नया बिजली बिल रद्द करने,तथा रसोई गैस,डीजल,पेट्रोल,खाद के दाम आधे करने,व किसानों,मजदूरों पर दर्ज सभी फर्जी केस वापस करने ।तथा 24 जून 2019 बोट से खनन पर लगी रोक का आदेश वापस लेने,बोट से खनन चालू करने व मशीनी करण पर रोक लगाने की माँग की। इसी तरह लालापुर बाजार में रैली निकालने की कोशिश की तो लालापुर पुलिस ने रोक लगा दी तो किसानो ने अमिलिया गांव में जनसभा कर भारत बंद का समर्थन किया।जिला उपाध्यक्ष प्रयागराज कॉमरेड सुरेश निषाद पर गुन्डा ऐक्ट जिला बदर की कार्यवाही को वापस लेने की मांग किया। रैली को जिलाध्यक्ष राम कैलाश कुशवाहा,जिला महासचिव राजकुमार पथिक, कॉमरेड विनोद निषाद, आकृती सागर, रामू निषाद, बैजनाथ, चमेला देवी, कौशांबी जिला महासचिव फूलचंद निषाद, चंद्रावती निषाद, संतराम कुशवाहा आदि ने संबोधित किया।

संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा भारत बंद के समर्थन मे जंघई मे महापंचायत कर सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन सौंपते संयुक्त किसान मोर्चा

जंघई। सोमवार को संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा किसानों मजदूरों एवं गरीबों की समस्या को लेकर मछलीशहर के अंतर्गत जंघई रेलवे स्टेशन के पास भारत बंद के समर्थन में धरना दिया गया।धरना का नेतृत्व राजनाथ यादव जिला संयोजक संयुक्त किसान मोर्चा जौनपुर ने किया धरना के अंत में 11 सूत्रीय मांग पत्र उपजिलाधिकारी मछलीशहर राजेश कुमार वर्मा व सीओ अतर सिह को दिया गया। किसान विरोधी तीनों कृषि विल वापस लिए जाएं एम एस पी पर खरीद की कानूनी गारंटी दी जाए 2020 का निर्धारित बिजली बिल रद्द किया जाए। सरकारी विभागों को निजी हाथों में बेचना बंद किया जाए।किसानों की कृषि उपज की लागत से डेढ़ गुना लाभकारी मूल्य फसलों को दिया जाए श्रमिक विरोधी लेबर कोर्ट को रद्द किया जाए। ब्लॉक मुंगरा बादशाहपुर के अंतर्गत ग्राम सेमरी में धान क्रय केंद्र खुलवाया जाए किसानों को सस्ते दामों पर डीजल पेट्रोल एवं रसोई गैस उपलब्ध कराया जाए ।गरीब परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए बेरोजगार युवकों को 10000 मासिक बेरोजगारी भत्ता दिया जाए जंघई रेलवे स्टेशन के पास फाटक पर रेलवे फ्लाईओवर का निर्माण कराया जाए। इस मौके पर कंचन, शैलेश वर्मा, शोभनाथ, लालबहादुर, जय प्रकाश, गीता बिंद, नजमा, खलील, गंगाप्रसाद, गीता, सविता, ओंकारनाथ, धर्मराज, पटेल मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था हेतु थानाध्यक्ष सुरेश कुमार सिंह व जंघई चौकी इंचार्ज हरिनारायण पटेल मौजूद रहे।

भाजपा सरकार में सर्वाधिक महिला उत्पीड़न के मामले : जूही सिंह

भड़ेवरा में आयोजित कार्यक्रम में सपा नेत्री जुही सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत करते सपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र सिंह व अन्य

अखंड भारत संदेश

बाईस मे सपा सरकार बनाने की किया अपील,सुप्रसिद्ध गायक तिवारी बंधु ने कार्यक्रम में बिखेरा जलवा

मेजा। समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रवक्ता जूही सिंह का आज सपा नेता नरेंद्र सिंह के आवास भड़ेवरा मेजा में स्वागत किया गया। उनके सम्मान में भोज भी आयोजित किया गया जिसमे सैकड़ों की संख्या में सपा के नेता, पदाधिकारी एवं क्षेत्र के सम्मानित लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर सपा नेत्री जूही सिंह ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा शासन में महिलाओं के साथ हिंसा, अत्याचार एवं उत्पीड़न की रिकार्ड घटनाएं हुई हैं। उन्होने कहा कि आंकडे बताते हैं कि भाजपा सरकार में अपराध के ग्राफ तेजी से बढे हैं। उन्होंने योगी सरकार पर कानून व्यवस्था ध्वस्त होने का आरोप लगाते हुए कहा कि महंत की कथित हत्या, सांसद पर हमले, युवतियों की गला रेत कर हत्या जैसे अपराध आये दिन हो रहे हैं। सपा नेत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार से ऊब चुकी है आने वाले 2022के चुनाव में इसे उखाड़ फेकेगी।कार्यक्रम के आयोजक पूर्व प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने मेजा की मुख्य समस्या गंगा कटान एवं गंगा पर पुल, बंद कताई मिल चालू कराने सहित छेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के लिए सपा सरकार बनने पर माँग किया।

स्वागत समारोह से अभिभूत जूही सिंह ने आयोजक सहित सभी युवाओं और महिलाओ को धन्यवाद देते हुए नरेन्द्र सिंह की विशेष सराहना किया। भड़ेवरा गाँव मे सपा नेता नरेन्द्र सिंह के आवास पर पहुँचते ही सैकड़ों महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर जूही सिंह का अनोखे तरीके से भव्य स्वागत करते हुए मंच पर पहुंचाया। इस अवसर उपस्थित जनसमूह ने मुलायम सिंह यादव जिंदाबाद, अखिलेश यादव जिंदाबाद, डिम्पल यादव जिन्दाबाद, जूही सिंह जिंदाबाद के गगनभेदी नारे लगाए जा रहे थे। स्वागत के क्रम मे जूही सिंह को फूल माला पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए नरेन्द्र सिंह और उनके परिवार के लोगों ने शाल ओढ़ा कर सम्मान करते हुए कई उपहार भेंट किया। विन्ध्याचल से आये पंडा रजनीश महराज ने माँ विन्ध्यवासिनी का चित्र भेंट कर आशीर्वाद दिया। गौरतलब है कि महिला सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह को नरेन्द्र सिंह के पुत्र हिमान्शु कुमार सिंह के नेतृत्व मे सैकड़ों मोटरसाइकिल सवारों के जुलूस के साथ बलुहा टोंस पुल से अगवानी करके कार्यक्रम स्थल भड़ेवरा ले आया गया। जहा सर्वप्रथम सपा नेत्री के सम्मान में क्षेत्र के मशहूर गायक कलाकार तिवारी बंधु ने अपनी मृदुल गायिकी से मुख्य अतिथि का स्वागत एवं अभिनंदन किया जिसकी उपस्थित लोगो ने भूरि-भूरि प्रशंसा किया इस मौके पर कार्यक्रम में सपा जिलाध्यक्ष योगेश चंद्र यादव, श्रीमती अनीता सिंह ,वासुदेव यादव यम यल सी, ऋचा सिंह, पूर्व विधायक सत्यवीर मुन्ना, महासचिव संदीप पटेल, युवजन सभा प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप यादव, हिमान्शु कुमार सिंह, संदीप सिंह सत्या, राम मिलन यादव, महिला जिला अध्यक्ष अनीता श्रीवास्तव, श्याम कृष्ण (पप्पू यादव), निधि यादव, नेहा यादव, प्रतिमा सिंह,

पाण्डेय, पूर्व चेयरमैन शंकरगढ़ अनुपमा वैश्य,सपा नगर अध्यक्ष सचिन वैश्य, सुशील पांडेय, अतुल कुमार यादव, मुलायम सिंह यादव, डा, लाल साहब यादव, शैलेन्द्र यादव, शिवनारायण सिंह पटेल, शैलेन्द्र यादव , गुलाब यादव,महीप सिंह, जयराज सिंह, महेन्द्र सिंह, अरविंद यादव, प्रेमचंद यादव, फिरोज खान, मुन्ना सिंह, रामबाबू सिंह, सुनील सिंह, हर्षित पाण्डेय, घनश्याम सिंह, ननकऊ सिंह, मुन्नू सिंह, शिव बाबा निषाद, शिवानन्द शुक्ल, नीलनीरज शुक्ला, अखिल शुक्ला, अरूण सिंह, पप्पू सिंह, महेन्द्र पाण्डेय, कल्लू शर्मा,भोला पाल, राजेश शर्मा, प्रमोद कुमार,मोहित कुमार, चंदू यादव, अंकित शर्मा, रज्जन सिंह, गौरव सिंह, अशर्फी पालपारस निषादतथापरवेज अंसारी के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

बाल विकास परियोजना अधिकारी ने मेले में बढ चढ कर लिया भाग

करछना। विकास खंड करछना में आयोजित हुए किसान गरीब कल्याणप मेले में बाल विकास परियोजना अधिकारी अपने सहयोगियों के साथ मिलकर बढ चढ कर लिया भाग, उक्त आयोजित कार्यक्रम आंगनवाड़ी सेविकाए गर्भ वती महिलाओं का पंजीकरण कर महिलाओं को अनेक प्रकार शिशु सुरक्षा देखभाल व समय समय पर टीका करण कराये जाने की गर्भ वती महिलाओं को विस्तृत जानकारी दी इस मौके पर डीएम प्रयागराज संजय कुमार खत्री नन्हे शिशु को अपने हाथ से अन्न पासन किया और बाल विकास परियोजना अधिकारी आनंद सिंह के द्वारा आंगनवाड़ी सेविकाओ के कार्य पर प्रशन्नता जताई। उक्त मेले में जिला अधिकारी उपस्थित विभाग के लोगों को सरकारी योजनाओं के बिषय में जानकारी दिया बाल विकास परियोजना अधिकारी आनन्द सिंह जी ने नन्हे बच्चे का अन्न पासन किया व विभाग से जुड़ी जानकारी बिस्तार से समझाया इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी जितेन्द्र कुमार ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी मुख्य सेविका सेक्टर सुपर वाईजरअर्चना , सुषमा सिंह ,शशी प्रभा सिंह मीना ,शकीला बानो, उमा श्रीवास्तव ,आशा सोनी कल्पना मिश्रा ,सुशीला मंजू मौर्य, डाक्टर दिनेशकुमार सोनी आदि बाल विकास परियोजना अधिकारी के सहयोगियों का सहयोग सराहनीय रहा ।

समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह का शंकरगढ़ में भव्य स्वागत

शंकरगढ़। सपा महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष/राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व राज्य मंत्री जूही सिंह का प्रयागराज से चित्रकूट भ्रमण के दौरान शंकरगढ़ में समाजवादी पार्टी के नेताओं, कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने स्वागत, अभिनंदन किया।भ्रमण के दौरान जूही सिंह का कल्यानपुर में सपा नेता रमाकांत यादव व शंकरगढ़ में राकेश सिंह पटेल के आवास पर माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया।मौके पर सपा जिलाध्यक्ष योगेश चंद्र यादव, नरेंद्र सिंह पूर्व प्रदेश सचिव,सपा नेत्री निधि यादव, अरविंद मिश्रा गुड्डू मिश्रा जिला सचिव, पूर्व प्रमुख एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य गुलाब कली, सभासद रानी

खबर संक्षेप

एकल प्रयागराज द्वारा निशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन

प्रयागराज। एकल प्रयागराज द्वारा एक निशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन चाका में स्थित एकल ग्रामोत्थान केंद्र पर कराया गया। इस शिविर में एकल के सदस्य नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर अभिषेक शरण एवं डॉक्टर अनूप चौहान ने अपना बहुमूल्य समय इस ग्रामीण सेवा के कार्य में दिया। लगभग 110 लोगों ने अपनी आँख की जाँच निशुल्क कराई और उन्हें आगे के इलाज की भी जानकारी दी गई।इस शिविर में एकल के सभी वरिष्ठ सदस्य और पदाधिकारी मौजूद थे। श्री राजकमल अग्रवाल, श्रीमती सुषमा गौड़, श्रीमती शशि पोद्दार, सौरभ पुरी, निधि गुप्ता, श्रुति अग्रवाल, सुरभि सहाय, कीर्ति चावला एवं विजयलक्ष्मी जी के नेतृत्व में इस शिविर का आयोजन किया। पीयूष पांडेय, सुधीर पोतदार , भावना गौड़, आनिका अग्रवाल, ने इसके क्रियान्वयन में पूरा सहयोग दिया।

महानगरीय बस सेवा का संचालन जंघई से प्रयागराज तक प्रारंभ

जंघई। जेएनएनआरयूएम द्वारा संचालित महानगरीय सिटी बस का संचालन जो कि अभी तक वारी से प्रयागराज हो रहा था।क्षेत्रवासियों की मांग पर परिवहन विभाग ने सोमवार से बस का संचालन जंघई से कर दिया है।यह बस हर आधे घंटे पर जंघई वारी प्रतापपुर फूलपुर होते हुए सिविल लाइन प्रयागराज बस डिपो तक जाएगी।इस बस के संचालन से क्षेत्रवासियों में काफी हर्ष का माहौल है।

योगीराज में जनता भयमुक्त, दलितों का हो रहा समग्र विकास : रमापति शास्त्री

अखंड भारत संदेश

लाभार्थियों को अधिकार पत्र व सिलाई मशीन व चेक प्रदान किये गये

प्रयागराज। टेलरिंग शाप योजना के तहत अनुसूचित जाति के 63 लाभार्थियों को सिलाई मशीन, स्वतः रोजगार योजना के तहत अनुसूचित जाति के 34 लाभार्थियों को चेक एवं सामूहिक दुकान योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति के 03 लाभार्थियों को अधिकार पत्र प्रदान किये

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जनता भयमुक्त है और माफिया, गुण्डे या तो प्रदेश छोड़ कर जाचुके हैं या जेल में हैं। उक्त बातें सोमवार को सर्किट हाऊस प्रयागराज के सभागार में प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री ने कही। श्री शास्त्री ने उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को स्वतः रोजगार योजना, सिलाई मशीन तथा सामूहिक दुकान योजना के अधिकार पत्र का वितरण किया।कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में श्री शास्त्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 5 इण्टरनेशनल एयरपोर्ट, 21 एयरपोर्ट का विकास कराया जा रहा है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस- वे का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 33 मेडिकल कालेजों का संचालन राज्य सरकार की बड़ी उपलब्धि है। उक्त के अतिरिक्त प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 32500 करोड़ रुपए की धनराशि किसानों के खातों में स्थानांतरित की गयी है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रदेश के 1 लाख 52 हजार कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया गया। उन्होंने कहा कि साढ़े 4 वर्षों में प्रदेश सरकार ने साढ़े 4 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। श्री शास्त्री ने कहा कि योगी सरकार प्रदेश में संचालित विभिन्न योजनाओं से गांव-गांव तक पहुँची है और प्रदेश में हुए विकास के बल पर आगामी विधान सभा चुनाव में भाजपा सरकार 350 से अधिक सीटों पर विजयी होगी। उन्होंने योजनाओं से लाभान्वित लोगो को बधाई दी। इस अवसर पर टेलरिंग शाप योजना के तहत 63 लाभार्थियों को सिलाई मशीन, स्वतः रोजगार योजना के तहत आर्थिक पोषण के लिए 34 लाभार्थियों को चेक प्रदान किया गया तथा सामूहिक दुकान योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति के 3 लाभार्थियों को अधिकार पत्र उपलब्ध कराये गये। उन्होंने कहा कि जो महिलायें सिलाई मशीन व जिन लाभार्थियों को चेक प्रदान किया गया है, वे मेहनत करके स्वावलम्बी बने। उन्होंने कहा कि समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि दलितों का समग्र विकास हो रहा है। उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की योजनाओं के अधिकार पत्र वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए निगम के अध्यक्ष, डा0 लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि योगी सरकार में दलितों का सामाजिक, आर्थिक सशक्तीकरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि आवास, उज्जवला योजना, सौभाग्य योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन के 80 से 90 प्रतिशत लाभार्थी दलित वंचित समाज के हैं। फलस्वरूप अब दलितों के पक्के मकान हैं, उनके घरों में शौचालय, रसोई गैस कनेक्शन और बिजली की रोशनी पहुँच चुकी है। डा0 निर्मल ने कहा कि अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम प्रदेश के 6186 अनुसूचित जाति बाहुल्य गांवों को आदर्श ग्राम योजना के तहत विकसित कर रहा है जिसमें शुद्ध पेयजल, स्वच्छता, सड़क, स्वास्थ्य, विद्युत, स्वच्छ ईंधन, सोलर लाईट एवं डिजिटलीकरण की सुविधा उपलब्ध होगी। डा0 निर्मल ने यह भी कहा कि स्टैण्ड अप इण्डिया योजना और पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना के तहत दलितों का आर्थिक सशक्तीकरण किया जा रहा है। डा0 निर्मल के अनुसार योगी सरकार द्वारा प्रदेश के प्रत्येक कार्यालय में डा0 आंबेडकर का फोटो लगवाया गया और डा0 आंबेडकर के विचारों को ग्लोबल बनाने के लिए लखनऊ में डा0 आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र का निर्माण किया जा रहा है। उक्त स्मारक में शोध केन्द्र, संग्रहालय, विशाल पुस्तकालय, वाचनालय, अतिथिगृह, 750 सीटों युक्त भव्य प्रेक्षागृह तथा मुख्य द्वार पर 25 फिट उँची डा0 आंबेडर की कांस्य प्रतिमा स्थापित होगी। डा0 निर्मल के अनुसार उक्त स्मारक के लिए जमीन की व्यवस्था तथा प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत की जा चुकी है। इस अवसर पर मा0 सांसद प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी, उप निदेशक समाज कल्याण डॉ0 मंजूश्री श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

सीबीआई को सीजेएम कोर्ट से मिली तीनों आरोपियों की सात दिन की रिमांड

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरी की संदिग्ध मौत के मामले में जेल में बंद उनके शिष्य आनंद गिरि, पुजारी आद्या प्रसाद और संदीप तिवारी को रिमांड पर लेने की अर्जी सीजेएम कोर्ट ने सोमवार को स्वीकार कर लिया। आरोपियों को सात दिन की रिमांड पर देने का आदेश दिया है। रिमांड की समयावधि मंगलवार की सुबह नौ बजे से चार अक्तूबर को सायं पांच बजे तक है। सीबीआई को पूछताछ के लिए सात दिन का समय दिया गया है। मामले में सीजेएम कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई हुई। जिस पर सीजेएम कोर्ट ने अपनी स्वीकृति दी। हालांकि, जेल में बंद तीनों आरोपियों के वकील ने इसका विरोध किया था। सीबीआई ने नरेंद्र गिरी की मौत के मामले की जांच तीन दिन पहले ही शुरू की है। सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि मामले की जांच के लिए तीनों आरोपियों से पूछताछ बहुत जरूरी है। महंत ने अपनी मौत से पहले कथित सोसाइड नोट में इन तीनों ही आरोपियों पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया था।

साथ ही अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। लिहाजा, पूछताछ में कुछ अहम तथ्य सामने आ सकते है। हालांकि आरोपियों के वकील ने इसका विरोध किया और कहा कि यह सीबीआई के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। सीबीआई ने तीनों आरोपियों को 10 दिन के रिमांड पर लेने की अर्जी दाखिल की थी, लेकिन कोर्ट ने सात ही दिन के रिमांड मंजूर की है। इससे जांच में और गति आएगी। अब सीबीआई आरोपियों को हरिद्वार ले जाकर पूछताछ करेगी। अधिवक्ताओं की मौजूदगी में पूछताछ की अर्जी खारिज सीजेएम कोर्ट ने जहां एक तरफ नरेंद्र गिरि की संदिग्ध मौत केमामले के आरोपियों को सीबीआई रिमांड पर लिए जाने की अर्जी स्वीकार कर लिया वहीं आरोपियों की ओर से दाखिल की गई अर्जी को खारिज कर दिया। आरोपियों ने अपनी अर्जी में उनके अधिवक्ताओं की मौजूदगी में सीबीआई द्वारा पूछताछ की प्रार्थना की गई थी। लेकिन, कोर्ट ने इसे यह कहते हुए खारिज कर दिया कि उसने इस मामले में दिए गए अपने पहले के आदेश में आरोपियों को अधिवक्ता साथ में रखने की छूट दे दी है। लेकिन, वे अधिवक्ता सीबीआई की कार्रवाई में कोई दखल नहीं देंगे और सौ मीटर की दूरी बनाए रखेंगे। कोर्ट एक ही मामले में दो आदेश नहीं जारी कर सकती है।

आरोपी डिप्टी एसपी की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यमुना एक्सप्रेस वे विकास प्राधिकरण के लिए भूमि अधिग्रहण घोटाले की जांच कर रहे यूपी पुलिस के डिप्टी एसपी निशंक शर्मा की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। शर्मा पर घोटाले के आरोपियों को बचाने के लिए रिश्वत लेने का आरोप है। हाईकोर्ट ने गाजियाबाद की विशेष सीबीआई अदालत को निर्देश दिया है कि यदि याची अदालत में उपस्थित होता है तो उससे इस आशय का बांड भरा लिया जाए कि वह मुकदमे के विचारण में सहयोग करेगा तथा सुनवाई के दौरान स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होगा।निशंक शर्मा के खिलाफ मामले की जांच कर रही सीबीआई ने आरोप पत्र दाखिल किया है। जिस पर स्पेशल कोर्ट सीबीआई ने उनको जमानती वारंट जारी कर तलब किया है। याचिका दाखिल कर आरोप पत्र रद्द करने और गिरफ्तारी के विरुद्ध संरक्षण दिए जाने की मांग की गई थी। निशांत शर्मा की याचिका पर न्यायमूर्ति अजित सिंह ने सुनवाई की। याची का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप त्रिवेदी का कहना था की याची एक पुलिस अधिकारी है जो कि यमुना एक्सप्रेस वे भूमि घोटाले की जांच कर रहा था। उसने आरोपियों के खिलाफ 82/ 83 की कार्रवाई शुरू की और उनको गिरफ्तार भी किया। फर्जी सेल डीड व रकम भी बरामद की। याची के खिलाफ रिश्वत लेने का कोई मामला नहीं बनता है । वरिष्ठ अधिवक्ता का कहना था सीबीआई के दो दरोगा बीएस राठौर और सुनील दत्त तथा तहसीलदार रणवीर सिंह के बीच सांठगांठ चल रही थी। जिसके तहत दोनों दरोगा रणवीर सिंह को पुलिस जांच से बचाने के लिए रिश्वत मांग रहे थे। जानकारी होने पर सीबीआई ने छापा मारकर बीएस राठौर और रणवीर सिंह को पैसे का लेनदेन करते रंगे हाथ पकड़ा था, जबकि सुनील दत्त को मौके से फरार बताया गया। घोटाले की जांच उस समय याची निशंक शर्मा के पास थी। मगर सीबीआई की जांच में कहीं भी उनका नाम नहीं आया है और सिर्फ कहा गया है कि किसी अज्ञात अधिकारी को रिश्वत देने का प्रोग्राम था। इसके बावजूद सीबीआई ने चार्जशीट में याची को रिश्वत लेने का आरोपी बना दिया जबकि उसके विरुद्ध कोई साक्ष्य नहीं है। कोर्ट ने सीबीआई अदालत को निर्देश दिया है यदि याची अदालत में उपस्थित होता है तो उनसे यह बांड भरा लिया जाए कि वह मुकदमे की कार्रवाई में सहयोग करेंगे। सीबीआई के अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश का कहना था कि याची ने रिश्वत ली है या नहीं इसका जवाब देने के लिए उनको 3 सप्ताह का समय दिया जाए । कोर्ट में समय देते हुए सीबीआई से इस मामले में जवाब मांगा है।

प्रियंका गांधी के टीम में शामिल हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रभाकर पांडेय

टीम में प्रवक्ता के रूप में काम करेंगे प्रभाकर पांडेय

प्रयागराज। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी संगठनों में फेरबदल शुरू कर दिया है ' प्रभावशाली चेहरों को प्रियंका गांधी राष्ट्रीय महासचिव कांग्रेस पार्टी एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रभाकर पांडे को अपनी टीम में शामिल कर प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी है ' साथ ही मुख्य पैनलिस्ट में नंबर वन पर श्री पांडे का नाम दिया गया है ' मीडिया के माध्यम से प्रभाकर पांडे कांग्रेश की नीतियों विचारों को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे ' लखनऊ प्रवास के दौरान श्री पांडे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने दम पर आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगी ' साथ ही पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी ' किसी कारण बस बहकावे में लोग आकर अन्य पार्टियों की सदस्यता ग्रहण किया था ' अब वह अपने घर वापसी कर रहे हैं ' प्रदेश सरकार से जनता ऊब चुकी है ' प्रदेश में अराजकता का माहौल है ' आगामी विधान सभा चुनाव में विरोधियों को जनता मुंहतोड़ जवाब देगी।

गंगा स्वच्छता एवं जलीय जीव के जागरूकता हेतु निकली रैली

प्रयागराज। नमामि गंगे परियोजना से अंतर्गत भारतीय वन्यजीव स्थान द्वारा प्रयागराज के ब्लॉग जसरा के बीकर गांव मे गंगा स्वच्छता एवं जलीय जीव के जन जागरण हेतु रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय कैडेट कोर, गंगा पहरी, स्थानीय ग्रमीण के युवा, बच्चे आदि इस रैली कार्यक्रम में प्रतिभाग किए। कार्यक्रम का आयोजन फील्ड इन चार्ज के पी उपाध्याय द्वारा किया गया ।जलीय जीव एवं जैव विविधता के ऊपर स्लोगन व नारेबाजी करके सभी गांव के लोगों को जागरूक किया गया । कार्यक्रम में सामुदायिक अधिकारी हेमा पंत और प्रियंका सिंह भी मौजूद रहीं। भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा आजीविका को बढ़ावा देने हेतु 21 दिवसीय की निशुल्क कार्यशाला निरंतर आयोजित की जा रही है जिसमें एलईडी एवं ब्यूटिशियन का कोर्स कराया जा रहा है और ग्रामीण युवा -युवतियों को प्रशिक्षित किया जा रहा। वन्य जीव संस्थान द्वारा चलाया जाए इस प्रशिक्षण को ग्रामीण वासियों ने काफी सराहा और कहा इस तरह के प्रशिक्षण से युवाओं को रोजगार का बढ़ावा मिलेगा और उनके आत्मविश्वास को प्रोत्साहन मिल रहा है।

कार्यालय ग्राम पंचायत पूराघीसन विकास खण्ड करछना प्रयागराज

अल्प कालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2021–22 में ग्राम पंचायत पूराघीसन विकास खण्ड करछना में कराये जाने वाले कार्यों मनरेगा, राज्य वित्त/ 15वां वित्त, हैण्डपम्प मरम्मत व रीवोर, नाली, खडंजा निर्माण व पशुशेड निर्माण , सामुदायिक शौचालय निर्माण व मरम्मत साथ ही अन्य निर्माण कार्य/मरम्मत में प्रयुक्त होने वाली सामग्री के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। विकास खण्ड की पंजीकृत फर्में दिनांक 28–09–2021 से 01–10–2021 तक आवेदन कर सकती है। निविदा दिनांक 02–10–2021 को 12 बजे दिन को ग्राम पंचायत में खोली जायेगी।

संख्या	नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	अवधि
1.	पूनम पटेल	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
2.	उर्मिला देवी	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
3.	शैल कुमारी	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
4.	अनार कली	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
5.	मंजूषा देवी	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
6.	शीला देवी	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
7.	शीला/फूलचन्द्र	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
8.	गीता देवी	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
9.	गीता/राधेश्याम	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
10.	अमरावती	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
1.	उमा देवी	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
12.	शान्ती देवी	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
13.	मनोरमा	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
14.	अनुसुईया वर्मा	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
15.	सीमा देवी	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
16.	सरोज देवी	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
17.	मुन्नी देवी	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
18.	विद्योत्मा देवी	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
19.	राम अभिलाष	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
20.	मीरा देवी	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
21.	प्रभावती	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
22.	आभा देवी	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
23.	सुनीता देवी	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
24.	सुनीता/छोटेलाल	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
25.	निर्मला देवी	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
26.	सरोज देवी	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
27.	तृप्ति देवी	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह
28.	लक्ष्मी देवी	पशुशेड	1.18 लाख	1 माह

हंसराज सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत पूराघीसन
विकास खण्ड करछना, प्रयागराज

महेश कुमार
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत पूराघीसन
विकास खण्ड करछना, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत सचिव/ टेण्डर/कोटेशन/2020–21/दिनांक

कार्यालय ग्राम पंचायत पूराघीसन विकास खण्ड करछना प्रयागराज

अल्प कालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2021–22 में ग्राम पंचायत पूराघीसन विकास खण्ड करछना में कराये जाने वाले कार्यों मनरेगा, राज्य वित्त/ 15वां वित्त, हैण्डपम्प मरम्मत व रीवोर, नाली, खडंजा निर्माण व मरम्मत शौचालय निर्माण सामुदायिक शौचालय निर्माण व मरम्मत साथ ही अन्य निर्माण कार्य/मरम्मत में प्रयुक्त होने वाली सामग्री के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। विकास खण्ड की पंजीकृत फर्में दिनांक 28–09–2021 से 01–10–2021 तक आवेदन कर सकती है। निविदा दिनांक 02–10–2021 को 12 बजे दिन को ग्राम पंचायत में खोली जायेगी।

क्र0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	अवधि
1.	अन्तेष्ठी स्थल से महेन्द्र के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य	(12.30 लाख)	1 माह
2.	महेन्द्र के घर से गामा के खेत तकइण्टर लाकिंग कार्य	(14.30 लाख)	1 माह

हंसराज सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत पूराघीसन
विकास खण्ड करछना, प्रयागराज

महेश कुमार
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत पूराघीसन
विकास खण्ड करछना, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत सचिव/ टेण्डर/कोटेशन/2020–21/दिनांक

कौड़िहार के विद्यालय डीबीटी डाटा अपलोडिंग में सक्रिय

डीबीटी ऐप पर छात्रों की डाटा अपलोड करने के महत्त्व को शिक्षकों ने दी प्राथमिकता।

बीईओ ने कौड़िहार बीआरसी में प्रधानाध्यापकों के साथ की बैठक, डीबीटी की तय की जिम्मेदारी

अखंड भारत संदेश

कौड़िहार बीआरसी में बैठक को संबोधित करते बीईओ ओम प्रकाश मिश्रा व कौड़िहार बीआरसी में मौजूद प्रधानाध्यापक।

लालगोपालगंज। परिषदीय विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं को मुहैया कराई जाने वाली योजनाओं के तहत यूनिफॉर्म जैसी अन्य सामग्रियों की समतुल्य रकम को डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खाते में हस्तांतरित किए जाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। जिसका महत्व समझते हुए ब्लॉक के कई विद्यालयों ने काम शुरू ही नहीं वरन पूर्ण करने के करीब हैं। कौड़िहार विकासखंड के तहत नवाबगंज बीआरसी में सोमवार को समस्त प्रधानाध्यापकों के साथ खंड शिक्षाधिकारी ओमप्रकाश मिश्रा ने बैठक की। जिसमें आधारशिला ध्यानाकर्षण शिक्षक संग्रह मॉडल की स्थिति, समृद्ध हस्तपुस्तिका क्रियान्वयन, ध्यान आकर्षण आधारित उपचारात्मक शिक्षण, प्रेरणा प्रेरणा, लक्ष प्रेरणा सूची, प्रेरणा तालिका के चस्पा होने की स्थिति, रीड एलांग ऐप, दीक्षा ऐप, प्रेरणा लक्ष्य ऐप, व्यवस्थित पुस्तकालय, पीएलएम निर्माण, वर्कशीट, क्विज में छात्रों के प्रतिभागिता की स्थिति जैसे लगभग 30 बिंदुओं पर बातचीत की गई। लेकिन बेसिक स्कूल में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं को यूनिफॉर्म, जूता, मोजा, स्वेटर और स्कूल बैग की समतुल्य धनराशि को डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खाते में त्वरित हस्तांतरित किए जाने के लिए डीबीटी ऐप पर अपलोडिंग के कार्य पर बल दिया गया। सरकार की इस पहल को वरीयता क्रम में रखते हुए ब्लाक के अधिकांश अध्यापकों ने ऐप लॉन्च होते ही डीबीटी पर काम शुरू कर दिया। प्राथमिक विद्यालय पाठक का पूरा, चैनी का पूरा, रामपुर, अलादादपुर, हथिगहां और पूर्व माध्यमिक विद्यालय, लालगोपालगंज निंदूरा आदि विद्यालयों के डीबीटी फीडिंग का कार्य प्रगति पर बताया गया। अन्य विद्यालय के अध्यापक भी जद्दोजहद में लगे हैं। एआरपी जय सिंह, प्रभा शंकर शर्मा, अजमल अमीन अंसारी, विष्णु मिश्रा और अवनीश सिंह ने समस्याओं का समाधान बताया। बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष राधे कृष्ण, बालेंद्र पांडे, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राजेश शुक्ला समेत तमाम प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

पार्क निर्माण कार्य को प्रारंभ करने का निर्देश

डा0 समीम पसना

विकास कार्य में मेरे स्तर से पूर्ण सहयोग :रमा शंकर सिंह

खं.वि. अधिकारी ने पार्क निर्माण स्थल का लिया जायजा

अल्हवा ग्राम पंचायत में प्रस्तावित पार्क स्थल का जायजा लेते खंड विकास अधिकारी व वीडीओ व ग्राम प्रधान अल्हवा शहजादे

कोराव,पसना। कोराव के ग्राम पंचायत अल्हवा में प्रस्तावित पार्क निर्माण स्थल का खंड विकास अधिकारी रमाशंकर सिंह ने जायजा लिया। और ग्राम पंचायत को निर्माण कार्य चालू कराने का निर्देश भी दिया। बता दें कि प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने ग्राम अल्हवा की भूखंड संख्या 755,758 नवीन परती की भूमि पर मनरेगा योजनान्तर्गत एक आदर्श मजदूर ग्राम वाटिका का निर्माण कार्य हेतु प्रस्ताव किया है। जिस पर ग्राम के ही अतिचारियों ने अतिक्रमण कर रखा है। प्रधान की मांग पर मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज ने उप जिलाधिकारी कोरांव को भूखंड खाली कराने का निर्देश दिया है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी कोराव ने भी एसडीएम को पत्र लिख कर पार्क निर्माण स्थल प्लॉट को खाली कराने की अपेक्षा की है। ग्राम प्रधान ने बताया कि उक्त पार्क स्थल के बगल से दो किलोमीटर सड़क मगर्धा नदी तक निर्मित कराई जाएगी। और उससे पक्की रोड तक चकमारगों को आधा दर्जन रास्तों को लिंक कर दिया जायेगा,जिससे किसान भाई उक्त मार्गों से आवागमन का लाभ उठा सकें। प्रधान ने बताया कि ग्राम सभा में भैसहवा मगरदहा नदी के किनारे भूखंड संख्या 664 पर बैकुंठ धाम का निर्माण होगा। साथ ही बंधा निर्माण के साथ साथ चेकडैम का भी निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है। प्रधान ने बताया कि सचिवालय भवन तैयार हो चुका हैं। महारानी चौरा का निर्माण कार्य चालू करा दिया है। साथ ही स्मतली करण के कार्य चल रहे हैं जिससे श्रमिकों को रोजगार मिल सके। उन्होंने चेतावनी भरे शब्दों में ग्राम समाज की जमीनों पर कब्जा रखने वालों को आगाह किया है कि उक्त जमीनें खाली करदे अन्यथा अब लोक सम्पत्ति निवारण अधिनियम के तहत निश्चित कार्यवाही होगी। इसबाबत जिला एवम तहसील अधिकारियों ने राजस्व कर्मियों को जमीनें खाली कराने का निर्देश भी दे दिया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत गडैला करछना प्रयागराज

टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत गडैला विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 10–09–2021 से दिनांक 14–09–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत गडैला में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 17–09–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक.. कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश	सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि
1.	पक्की सड़क से गुलाब यादव के डेरा तक खड़ंजा कार्य	(3 लाख)	1 माह
2.	मातादीन के घर से रामबाबू के घर तक इंटरलाकिंग कार्य	(8 लाख)	1 माह

विनय कुमार सिंह यादव
प्रधान
ग्राम पंचायत गडैला
विकास खण्ड करछना, प्रयागराज

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत गडैला
विकास खण्ड करछना, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत सचिव/ टेण्डर/कोटेशन/2020–21/दिनांक

पं0 मुनीश्वरदत्त उपाध्याय पर जारी होगा डाक टिकट

डाक विभाग के अधिकारियों ने परिजनों को सौंपा डाक टिकट का माई स्टैम्प शीट

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। भारत सरकार द्वारा मनाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला में प्रतापगढ़ के शिक्षा जगत के गौरव स्व0 पंडित मुनीश्वरदत्त उपाध्याय की सांसद, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, प्रदेश के राजस्व मंत्री तथा संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य के रुप में दी गई सेवाओं को देखते हुए सरकार ने आगामी 13 अक्टूबर को पं0 मुनीश्वरदत्त उपाध्याय की स्मृति में डाक टिकट जारी करने का निर्णय लिया है।

डाक तार विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने डाक टिकट का माई स्टैम्प शीट की प्रति गत दिवस उनकी पुत्रवधू डा0 ऊषा उपाध्याय व उनके परिवार के सदस्यों को सौंपा। अधिकारियों में डाक विभाग के डाक निरीक्षक अभिषेक सिंह के अलावा पांच अधिकारी शामिल थे। इस अवसर पर परिजनों व उनके नजदीकी लोगों में डा0 आर0पी0 चौबे, अंशु (सिम्मी) तथा उनके पति केशव, हरिशंकर पाण्डेय, राकेश, महेन्द्र सिंह, कृपा शंकर तिवारी, कर्मचारी नेता प्यारे लाल मिश्र, राम उजागर तिवारी, महावीर तिवारी, अनिल उपाध्याय, अनिल तिवारी आदि लोग मौजूद रहे। बताया गया कि डाक तार विभाग 13 अक्टूबर को एक समारोह आयोजित कर डाक टिकट जारी होने पर परिजनों को सम्मानित करेगा।

सदर बाजार वार्ड में चला सफाई जागरुकता अभियान

प्रतापगढ़। नगर पालिकाध्यक्ष प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह के निर्देशन में सोमवार को नगर पालिका के सदर बाजार वार्ड में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत कचरा अलग करो अमृत दिवस के तहत डोर टू डोर जाकर नागरिकों को गीला कूड़ा, सूखा कूड़ा कचरा, कोविड-19 एवं संचारी रोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान लोगों को जागरुक करने का कार्यक्रम चलाया गया जिसमें सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा प्रश्न करके तथा उत्तर देकर वार्ड के लोगों को जागरुक किया गया जैसे वार्ड में नियमित सफाई, गीला-सूखा कूड़ा, कूड़े क़ो कूड़ेदान में डालना, कूड़े को समय से घर से निस्तारित करना, कोविड-19 का शासन द्वारा निर्धारित दो गज की दूरी मास्क है।

ब्लाक कालाकांकर में ग्राम प्रधानों का प्रशिक्षण सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। नव निर्वाचित 62 ग्राम प्रधानों के साक्षेप में सोमवार को ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर के सभागार कक्ष में 28 ग्राम प्रधानों प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ जिसमें पहले दिन 28 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण का शुभारंभ कालाकांकर खंड विकास अधिकारी अपर्णा सैनी ने नव निर्वाचित ब्लाक प्रमुख रमेश सरोज से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ कराया। प्रशिक्षण कालाकांकर ट्रेनर अजय क्रांतिकारी व नीतेश ने ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने पर बल दिया जसिमें सहायक विकास अधिकारी पंचायत संतोष कुमार शुक्ला भी मौजूद रहे। मंगलवार को 34 ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण कराया जाएगा।

बीटीसी व डीएलएड की परीक्षाएं आठ केन्द्रों पर सकुशल सम्पन्न

डायट के प्राचार्य व अध्यापक करते रहे निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। बीटीसी प्रशिक्षण 2017-18 चतुर्थ सेमेस्टर (अवशेष/अनुत्तीर्ण) व डीएलएड प्रशिक्षण 2019 चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा वर्ष 2021 जिले के आठ केन्द्रों पर सम्पन्न हुई। सोमवार को प्रथम पाली में आरंभिक स्तर पर भाषा एवं गणित के पठन लेखन क्षमता का विकास और द्वितीय पाली में शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशासन का पर्चा था।

राजकीय इंटर कालेज में प्रथम पाली में 595 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें एक परीक्षार्थी अनुपस्थित हुआ। द्वितीय पाली में 595 पंजीकृत थे जिसमें भी एक परीक्षार्थी अनुपस्थित हुआ। राजकीय बालिका इंटर कालेज में प्रथम पाली में में 493 पंजीकृत थे जिसमें एक अनुपस्थित और द्वितीय पाली में 493 में एक अनुपस्थित रहा। केपी हिन्दू इंटर कालेज प्रतापगढ़ में प्रथम बेला में 701 पंजीकृत परीक्षार्थियों में एक अनुपस्थित रहा जबकि द्वितीय बेला में 701 परीक्षार्थियों में एक परीक्षार्थी अनुपस्थित हुआ। मथुरा प्रसाद इंटर कालेज में 355 पंजीकृत परीक्षार्थियों में एक अनुपस्थित रहा। द्वितीय पाली में 355 परीक्षार्थियों में एक अनुपस्थित मिला। बृजेन्द्र मणि इंटर कालेज में प्रथम बेला में 19 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें से चार अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 24 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें से तीन अनुपस्थित रहे। तिलक इंटर कालेज में प्रथम बेला में 270 पंजीकृत थे जिसमें एक अनुपस्थित रहा। द्वितीय बेला में 272 में एक अनुपस्थित हुआ। अबुल कलाम इंटर कालेज में प्रथम बेला और द्वितीय बेला में 350 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। कोई अनुपस्थित हुआ। पीबी इंटर कालेज में प्रथम बेला में 103 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें आठ अनुपस्थित हुए। द्वितीय बेला में 157 पंजीकृत थे, सात अनुपस्थित हुए। परीक्षा केन्द्रों पर डायट के प्राचार्य व अध्यापक निरीक्षण करते देखे गये।

जमीनी विवाद में आरोपियों ने युवक को पीटकर किया जख्मी

पट्टी, प्रतापगढ़। जमीनी रंजिश में आरोपियों ने एकजुट होकर लाठी डंडा कुल्हाड़ी से एक युवक को जमकर मारा पीटा। वह घर में घुसकर जान बचाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसे घर मे घुसकर मारा पीटा और घर में तोड़फोड़ किया। पीड़ित की तहरीर पर आरोपीयो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कांधरपुर गांव के रहने वाले हरिकेश सरोज ने बताया कि पुरानी रंजिश के कारण गांव के रहने वाले पांच लोगों ने एक राय होकर रविवार को उसे लाठी डंडा और तथा कुल्हाड़ी से जमकर मारा पीटा। वह अपनी जान बचाने के लिए घर में घुसा तो आरोपी घर में घुस गए और उसे वहां पर मारपीट और घर में रखा हुआ सामान तोड़ फोड़ दिया जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया।

बच्चों ने बढ़ाया उत्साह, कैम्प में लगा शतक

आकर्षक ढंग से सजाया गया था हैप्पी टाइम स्कूल का बूथ

रोटरी क्लब और बच्चा बैंक मेगा कैम्प में उमड़ी भीड़

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। 27 सितंबर को स्वास्थ्य महकमे की तरफ से रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेन्ट्रल और बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के सहयोग से हैप्पी टाइम प्ले स्कूल सियाराम कालोनी में लगे कोविशिल्ड कैम्प में भीड़ उमड़ी रही, जिसमें सौ लोगों को टीका लगाया गया।

कैम्प का उद्घाटन नन्हे मुन्ने दलजीत, तृषा, आरोही, सुखरानी और वैभवी ने फीता काटकर किया। लोगों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उसके बाद बूथ के अंदर पहुंचे बच्चों ने टीका लगवा रहे लोगों का ताली बजाकर जोश बढ़ाया। स्कूल प्रबंधक शैलेंद्र मिश्रा ने बच्चों का मुंह मीठा कराया। सहयोगी रोटेरियन अश्विनी केसरवानी ने बताया कि कैम्प में युवाओं की अच्छी खासी भागीदारी रही। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से प्रभात नारायण बाजपेयी, अशरफ और प्रीति यादव ने टीका लगाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

सरकार के साढे ़चार वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने बांटे विकास के पत्रक

भाजपा जिलाध्यक्ष ने श्याम बिहारी गली में परिवारों से किया सम्पर्क

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नगर मंडल मे भारतीय जनता पार्टी के साढे ़चार वर्ष पूर्ण होने पर सरकार के विकास के पत्रक को कार्यकर्ताओं के द्वारा घर-घर संपर्क अभियान के तहत जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र के द्वारा इस कार्यक्रम की शुरुआत श्याम बिहारी गली में घर घर जाकर सभी परिवारों से संपर्क किया गया और सरकार के कार्य की जानकारी दी गई।

हरिओम मिश्र ने कहा के आज उत्तर प्रदेश भारतवर्ष में टीकाकरण में मुफ्त राशन वितरण में प्रथम स्थान पर है और आने वाली तीसरी लहर की तैयारी भी सबसे अधिक बच्चों के आईसीयू पीकू तथा न्यूनेटल आई सी यू की स्थापना की गई और करोना से निराश्रित हुए बच्चों के लिए उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत चार हजार रुपये प्रति माह भरण पोषण भत्ता एवं अन्य सुविधाएं दी जा रही है। हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया। 24 घंटे मुख्यालयों पर ग्रामीण क्षेत्रों में 18 से 20 घंटे बिजली की आपूर्ति देने का काम किया। इस संपर्क अभियान में नगर अध्यक्ष तुषार खंडेलवाल, धर्मेंद्र चौरसिया महामंत्री नगर, दिन्नू ठाठेर महामंत्री पिछड़ा मोर्चा, पिंटू तिवारी महामंत्री किसान मोर्चा बूथ अध्यक्ष श्याम बिहारी गली राघवेंद्र शुक्ला मीडिया प्रभारी, सर्वेश कसौधन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हादसे में हुई मौत पर नंदन सिंह ने जताया शोक

पट्टी, प्रतापगढ़। कंधई थाना क्षेत्र के सरसीखाम गांव में गुरुवार की शाम चार बजे एक भूसी लदी ट्रक चाय पान की गुमटी पर पलट गई थी। जिसमें गांव के मगन पाठक उम्र (60) वर्ष, राम अवध वर्मा उम्र (62) वर्ष व भवानी भीख सरोज उम्र (70) वर्ष की मौत हो गई थी। हृदय विदारक घटना को सुनकर सोमवार को भाजपा के कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह के पुत्र राजीव प्रताप सिंह उर्फ नंदन सिंह आज सरसीखाम गांव पहुंचे, जहां पर मृतक के परिजनों से मिलकर हर संभव मदद का आश्वासन उन्होंने मृतकों के परिजन को दिया। इस दौरान उनके साथ कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह के प्रतिनिधि विनोद पाण्डेय समेत तमाम भाजपा के कद्दावर नेता मौजूद रहे। वह लोग मगन पाठक, राम अवध वर्मा व भवानी भीख सरोज के घर पहुंचकर शोक संवेदना जताए और शासन प्रशासन से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

जर्जर दीवार के गिरने से युवक की दबकर मौत, परिजनों में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगज थाना क्षेत्र के आलापुर मजरे बक्साबाग गाव में बीती रात लगभग साढ़े आठ बजे घर के मिट्टी की गारा से बनी ईट की पुरानी जर्जर झुकी हुई दीवार अचानक सीमेंट की चादर सहित गिर जाने से उसके नीचे चारपाई पर लेटे हुए अवधेश कुमार यादव पुत्र रामकिशोर (48) वर्षीय की दबकर मौत हो गई।

दीवार के गिरने की जानकारी कुछ देर बाद मिलते ही परिजन लोग दौड़ पड़े और दीवार में दबे अवधेश को किसी तरह ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला जिसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुची नवाबगंज पुलिस ने शव की लिखा पढ़ी करके पीएम के लिए भेजा। मृतक अवधेश की पत्नी ज्ञानवती का रो रोकर बुरा हाल है मृतक अवधेश के दो लड़की व एक लड़का कोमल (17), आँचल (15) व योगेश (13)वर्षीय है। अचानक हुए इस हादसे से परिवार का खर्च चल पाना मुश्किल हो गया। किसी तरह मेहनत मजदूरी करके अवधेश परिवार का खर्च चलाकर तीनों बच्चों की पढ़ाई करवाता था। अब परिवार का खर्च कैसे चलेगा यह कहकर मृतक अवधेश की पत्नी ज्ञानवती दहाड़े मारकर रोने लगती है, जिसको गांव के पूर्व ग्राम प्रधान कमलेश यादव शासन से सहायता दिलाने का आश्वासन दे रहे थे। घटना की खबर मिलते ही सोमवार की सुबह हल्का लेखपाल उदयराज शुक्ला मौके पर पहुचकर लिखा पढ़ी कर सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

गुजारा भत्ता देने में असफल पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कोर्ट से जारी वारंट पर पुलिस ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। कोर्ट की अवमानना करना और पत्नी को गुजारा भत्ता न दे पाने पर कोर्ट के आदेश पर पति को गिरफ्तार कर लिया गया। पत्नी को सात लाख 68 हजार गुजारा भत्ता ना देने पर कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया था।पट्टी कोतवाली क्षेत्र के शर्मा गांव निवासी सुभाष चंद्र पुत्र महाजन शर्मा के खिलाफ उसकी पत्नी ने न्यायालय में गुजारा भत्ता हेतु वाद दायर किया था। यह वाद परिवार न्यायालय में धारा 128 सीआरपीसी के अंतर्गत दायर किया गया था। इस मामले में 7 लाख 68 हजार रुपए गुजारा भत्ता न देने पर कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। जमानती वारंट पर पट्टी कोतवाली के पृथ्वीगंज चौकी इंचार्ज चंद्र शेखर यादव हेड कांस्टेबल कन्हैयालाल व नीरज ने आरोपी सुभाष चंद्र शर्मा को उसके घर से सोमवार को गिरफ्तार कर दर्ज मुकदमे के आधार पर जेल भेज दिया।

नशीला पाउडर के साथ जीआरपी ने किया गिरफ्तार

पकड़े गये आरोपी पर दर्ज है संगीन मुकदमे

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर सोमवार को चेकिंग के दौरान एक शातिर को जीआरपी वालों ने दौड़ाकर दबोचा। उसके पास से 115 ग्राम नशीला पाउडर मिला है। जिसको वह बेचने की फिराक में था। किसी ग्राहक का इंतजार कर रहा था। उसी समय पकड़ लिया गया। शातिर के खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज है। उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक आलोक, परवेज और अजीत पुलिस कर्मियों के साथ प्लेटफार्म चेकिंग पर थे। इस दौरान प्लेटफार्म दो पर बनारस की तरफ पुल के नीचे एक व्यक्ति संदिग्ध दिखा। पुलिस वालों को अपनी ओर आता देख वह भगाने लगा। सिपाहियों ने दौड़ाकर पकड़ा। तलाशी में उसके पास से नशीला पाउडर मिला। एसओ हरिनाथ यादव ने बताया कि पकड़ा गया शातिर अपराधी अमित जायसवाल है। जौनपुर जिले में जलालपुर थाने के छतौना गांव का है। उसके पास नशीला पदार्थ मिला है। उसके खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। दूसरे थानों में भी उसके ऊपर मुकदमे दर्ज है।

प्रमोद व मोना पर दर्ज मुकदमा को लेकर कांग्रेस सेवादल ने सौंपा ज्ञापन

पत्रकार साथी पर रिपोर्ट दर्ज होने से पत्रकार महासंघ ने जताया रोष

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी व नेता कांग्रेस विधान मंडल दल आराधना मिश्रा मोना सहित 25 नामजद व 50 अज्ञात के विरुद्ध दर्ज प्राथमिकी को लेकर आक्रोशित कांग्रेस नगर सेवादल अध्यक्ष ज्योति कुमार तिवारी गल्ली ने अपने सहयोगियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंप कर न्यायिक जांच कराने तथा निर्दोष होने पर मुकदमा वापस लिए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन के माध्यम से श्री तिवारी ने कहा कि फर्जी ढंग से मुकदमा दर्ज कर कांग्रेस नेताओं सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है। इस अवसर पर कपिल ओझा, मोनू मिश्र, मनोज गुप्ता, रवींद्र शंकर मिश्र, नद्दू सिंह, नदीम, राजू पांडेय, अमित श्रीवास्तव, इजहार अहमद, पंकज तिवारी, अमजद हाशमी सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे। उधर सांगीपुर विकासखंड में किसान कल्याण मेले में कवरेज करने गए पत्रकार साथी अशोक धर द्विवेदी व आशुतोष मिश्रा के ऊपर मुकदमा दर्ज होने पर पत्रकारों ने भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के प्रांतीय महासचिव ज्ञान प्रकाश शुक्ल व तहसील अध्यक्ष मदन मित्र के नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक रोहित मिश्र व एडीएम राहुल यादव को ज्ञापन सौंपा। लालगंज में अफसरों को ज्ञापन देते हुए ज्ञान प्रकाश शुक्ला कहा कि दोनों पत्रकारों को भाजपा व काँग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हुए बवाल के बाद मुकदमे में नामजद करना पूरी तरह से अविधिक है। श्री शुक्ल ने कहा कि पुलिस दोनों पत्रकारों के परिजनों को परेशान कर रही है। श्री शुक्ल ने दोनों पत्रकारों का नाम एफआईआर से बाहर करने व उनके परिजनों उत्पीड़न बंद करने की मांग की है। अपर पुलिस अधीक्षक ने निपक्ष जांच का आश्वासन पत्रकारों को दिया है। इस मौके पर चंद्रशेखर तिवारी, डॉ आशीष सिंह, पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा, सुरेंद्र तिवारी सागर, मनोज सिंह, साकेत मिश्रा, महेश तिवारी, राजेंद्र मिश्रा, लवलेश शुक्ला, मुकेश तिवारी, शिवकरण चतुर्वेदी, संतोष तिवारी, प्रमोद कुमार सिंह, शत्रुघ्न पांडे, सुशील सिंह, इंद्रपाल मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

मानसिक रूप से विक्षिप्त वृद्धा हुई गायब

पट्टी, प्रतापगढ़। एक 80 वर्षीय महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण घर से गायब हो गई। नाते रिश्तेदारी तथा संभावित स्थानों पर पता करने के बावजूद भी जब वृद्धा का कुछ नहीं पता चला तो पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पट्टी नगर वार्ड नंबर नौ के रहने वाले नसीम ने शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी मां हलीमून निशा की उम्र (80) वर्ष है।

खबर संक्षेप

कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेशी के अनुपालन के क्रम में जिले में विभिन्न थानों द्वारा यातायात नियमो को न मानने वाले तथा कोविड 19 का पालन न करने वालो के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया जिसमें 182 वाहनों का ई चालान किया गया व 5 वाहनों का चालान कर 2500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया वही कोविड 19 का उलंघन करने वाले 8 व्यक्तियों से 1200 रुपए जुमार्ना वसूला गया

मेहता कॉलेज के निदेशक को हाईकमान ने भेजा बधाई संदेश

कौशांबी। भवंस मेहता कॉलेज भरवारी में निदेशक के पद पर संदीप सक्सेना की तैनाती किए जाने के बाद मेहता कॉलेज की व्यवस्था में परिवर्तन हो गया है पूर्व में विद्यालय की खामियों को चार्ज लेते ही संदीप सक्सेना ने दूर कर दिया है भवंस मेहता संस्थान में पठन-पाठन कार्य सुचारू रूप से हो रहा है अध्यापकों की उपस्थिति भी ठीक है प्रबंध तंत्र के कार्य में बदलाव को देखते हुए मेहता कालेज के निदेशक संदीप सक्सेना को भवंस मेहता विद्याश्रम के हाईकमान ने मुंबई कार्यालय से 17 सितंबर को पत्र भेजकर विद्यालय में बेहतर प्रबंधन को लेकर बधाई संदेश भेजा है हाईकमान ने निदेशक संदीप सक्सेना के कार्यो की प्रशंसा की है और हाईकमान ने डायरेक्टर आलोक प्रधान दिल्ली को भी इनकी प्रशंसा का पत्र भेज कर सूचित किया है।

वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना कौशाम्बी पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त दर्शन पासी पुत्र रामरूप निवासी मेडरहा थाना कौशाम्बी को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है

वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जिले में अपराध एंव अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त तौकील पुत्र हनीफ निवासी अलीपुरजीता थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है

जिलाबदर अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना पश्चिम शरीरा पुलिस द्वारा जिलाबदर अभियुक्त रमेश पासी पुत्र सुकरु पासी थाना पश्चिम शरीरा को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा दिये गए जिलाबदर आदेश के बावजूद अपने घर पर मौजूद रहने के कारण गिरफ्तार कर उत्तर प्रदेश गुण्डगर्दी नियंत्रण अधिनियम पंजीकृत कर कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है।

किसानों का भारत बंद पूरी तरह से रहा बेअसर

किसान नेताओं में स्पष्ट देखा जा रहा था योगी की पुलिस की लाठी का खौफ

सामान्य दिनों की तरह खुली रही दुकाने सुबह से दुकान में प्रतिदिन की तरह होता रहा सम्पूर्ण कामकाज

अखंड भारत संदेश

भारत बंद के दौरान बाजारों में खुले दुकानों का दृश्य

कौशाम्बी। भाजपा सरकार के तीन काले कानून को वापस लेने की बात कहकर किसान नेताओं ने 27 सितंबर को संपूर्ण भारत बंद का आवाहन किया था किसान नेताओं के भारत बंद के आव्हान पर समाजवादी पार्टी सहित विभिन्न राजनैतिक दल के नेताओं ने बंद का समर्थन किया था किसान नेताओं के बन्द के आवाहन का कौशाम्बी में तनिक भी असर नहीं दिखाई पड़ा है जिले के मंझनपुर मुख्यालय सहित भरवारी सिराथू करारी अषाढा मूरतगंज अझुवा सैनी कड़ा दारानगर देवीगंज उद्दीन शमसाबाद सराय अकिल तिल्हापुर मोड़ चायल पश्चिम शरीरा चंपहा टेवा कुमियहावा ओसा समदा मनौरी महेवा घाट पुरखास बेनी राम कटरा नेवादा पूरामुफ्ती काजीपुर इमामगंज चरवा बेरूवा सहित जिले की सभी बाजारे पूर्ण रूप से खुली रही व्यापारियों ने सामान्य तरीके से व्यापार किया है बाजारों में चहल-पहल बनी रहे किसानों का भारत बंद पूरी तरह से बेअसर रहा है सामान्य दिनों की तरह बाजार चौराहे में दुकानें खुली रही हैं और दुकानों में प्रतिदिन सामान्य दिनों की तरह कामकाज होता है भारत बंद के आवाहन के बाद कौशांबी के किसानों ने समाजवादी पार्टी के नेताओं सहित विभिन्न राजनीतिक दलों और किसान नेताओं का समर्थन नहीं किया है जिससे किसान नेताओं और समाजवादी पार्टी सहित विभिन्न राजनैतिक दल के नेताओं को किसान आंदोलन के लिए किसान नहीं मिल सके हैं और किसानों का भारत बंद के दौरान किसान नेताओं के चेहरों पर स्पष्ट तौर से योगी की पुलिस की लाठी का भय देखा जा रहा था जिससे किसान नेता भी दर्जनभर किसानों को लेकर बैठक कर फोटो खिंचवा कर राष्ट्रीय किसान संगठन को सूचना भेजने तक सीमित रह गए हैं जिले में किसानों के टिकैत गुट भारतीय किसान मजदूर यूनियन अराजनैतिक चढूनी गुट समर्थ किसान पार्टी सहित कुल चार संगठन सक्रिय हैं किसानों के चार संगठन के बीच 100 किसान भी भारत बंद में नहीं जुट सके हैं हालांकि किसान संगठन के नेताओं ने बैठक करने के बाद जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजने का दावा किया है।

सफाई कर्मियों के स्थानांतरण को एडीओ पंचायत ने की सिफारिश

कौशांबी। विकासखंड क्षेत्र कौशाम्बी के विभिन्न ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मियों के स्थानांतरण के लिए सहायक विकास अधिकारी पंचायत कौशाम्बी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र भेजकर आठ सफाई कर्मियों का स्थानांतरण किए जाने का अनुरोध किया था लेकिन एडीओ पंचायत के इस पत्र को जारी हुए डेढ़ महीने बीत गए हैं लेकिन उनके पत्र पर अभी तक कार्यवाही नहीं हो सकी है कौशाम्बी बिकास खण्ड इलाके के अधिकतर गांव में सफाई व्यवस्था बेहद चौपट है जिससे गांव क्षेत्र में गंदगी व्याप्त है सूत्रों की माने तो एडीओ पंचायत के बगल में बैठने वाले एक कर्मी द्वारा सफाई कर्मियों से लाखों रुपये महीने की वसूली जाती है सूत्र बताते हैं कि ड्यूटी ना देने की वाले सफाई कर्मियों से लाखों रुपए महीने की एडीओ पंचायत के संरक्षण में अवैध वसूली हो रही है इस अवैध वसूली पर भी आला अधिकारी मौन है जिससे सफाई कर्मी मौके पर नहीं पहुंचते हैं सफाई कर्मियों की बार-बार शिकायत के बाद एडीओ पंचायत ने सफाई कर्मियों के कार्यक्षेत्र बदले जाने की मांग 6 अगस्त को पत्र भेजकर की थी लेकिन डेढ़ महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी सफाई कर्मियों का स्थानांतरण नहीं हो सका है सूत्रों की माने तो सफाई कर्मियों के स्थानांतरण के नाम पर लाखों की रकम पूर्व में वसूली हो चुकी है जिससे सफाई कर्मी परेशान है एडीओ पंचायत कार्यालय से जारी किया गया यह पत्र कहां गायब हो गया है यह बड़ी जांच का विषय है।

भाजपा की उपलब्धि बताते भाजपाई

घर घर पहुंच कर योगी मोदी का गुणगान कर रहे भाजपाई

मोदी के जन्म दिवस के सेवा सप्ताह के अवसर पर व योगी के साढ़े चार वर्ष पूर्ण होने पर हर घर संपर्क कर रही भाजपा

कौशाम्बी। मंझनपुर मुख्यालय के चक नगर में मोदी के जन्म दिवस के सेवा सप्ताह के अवसर पर व योगी सरकार के साढ़े चार वर्ष पूर्ण होने पर हर घर संपर्क योजना के तहत घर घर जा कर भाजपाई मोदी के द्वारा किये गए कार्यो को व योगी के भ्रष्टाचार मुक्त शासन को आम जनता के बीच में बता कर उनका दिल जीतने का प्रयास कर रहे हैं घर-घर मुलाकात करने के इस योजना की लोगो ने सराहना की है भाजपा नेता अमरेश कुमार केसरवानी उर्फ कल्लू पण्डा ने कहा कि पूरे भारत मे जो कार्य मोदी ने करके दिखाया वह 70 सालो में भी सम्भव नही हुआ था जिला अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं के लिए खास काम किए हैं मोदी के तीन तलाक व धारा 370 व 35 अ की उन्होंने जानकारी दिया इस अवसर पर जिले के प्रभारी अनिल सिंह व जिलाध्यक्ष अनिता त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष अजय पांडेय आशीष केशरवानी उर्फ बच्चा कमल कुशवाहा झल्लर चौरसिया पूर्व मंडल अध्यक्ष अमरेश केशरवानी कल्लू पण्डा दिलीप अग्रहरि लोकेश चौधरी उर्फ पप्पू जितेंद्र साहू आई टी संयोजक सत्यम केशरवानी बच्चा लाल चौधरी अनुराग पांडेय विस्तारक शशि रूपेंद्र शर्मा ज्ञान गुप्ता सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

डीएम ने कैम्प लगाकर ई-श्रम पोर्टल पर लाभार्थियों के पंजीकरण को दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

श्रम बन्धु की बैठक में उपस्थित अधिकारी गण व अन्य

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में जिला श्रम बन्धु की बैठक संपन्न हुई बैठक में सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि श्रम और रोजगार मंत्रालय ने ई-श्रम पोर्टल विकसित किया है जिसके द्वारा आधार के साथ असंगठित कामगारों का राष्ठीय डेटावेस तैयार किया जायेगा। इसमें नाम व्यवसाय पता शैक्षिक योग्यता कौशल स्वरूप परिवार का विवरण इत्यादि होंगे। कामगारों के नियजनियता का इष्टतम लक्ष्य प्राप्त किया जा सके और उन तक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभों का विस्तार किया जा सके यह असंगठित कामगारों का अब तक का देश का पहला राष्ट्रीय डटावेज है। उन्होने बताया कि कोई भी कामगार जो असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे हैं जिनकी आयु 16 से 59 वर्ष के बीच हों ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के लिए पात्र है उन्होने बताया कि शासन द्वारा जनपद के लिए ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन का लक्ष्य 01 लाख, 33 हजार निर्धारित किया गया है, जिनमें से अभी तक 11 हजार 236 पंजीकरण हो चुका है। उन्होने बताया कि जनपद में आशा वर्कर्स ऑगनबाड़ी खेतिहर मजदूर खुदरा व्यापारी कर्मकार स्वयं सहायता समूह कर्मकार प्रधानमंत्री स्व निधि योजना मनरेगा वर्कर्स एवं शौचालय योजना के लाभार्थियों का पंजीकरण किया जाना है जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को विस्तृत कार्ययोजना बनाकर उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि 04 अक्टूबर से 09 अक्टूबर तक रोस्टर वाईज विकास खण्डो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कैम्प लगाकर सीएससी के माध्यम से लाभार्थियों का पंजीकरण कराना सुनिश्चित किया जाय उन्होने सहायक श्रमायुक्त को तहसील दिवस के अवसर पर तहसीलों में भी कैम्प लगाकर पंजीकरण कराने के निर्देश दिये।

मकान की दीवार गिरने से एक बच्ची की मौत तीन लहूलुहान

अखंड भारत संदेश

हादसे के बाद रोते बिलखते परिजन

कल्यानपुर कौशाम्बी। कोखराज थाना अंतर्गत ग्राम भदवा में एक कच्चे मकान की दीवार गिर जाने से एक ही परिवार के चार लोग दब गए हैं इस हादसे में एक बालिका की मौत हो गई है घायल तीन लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां एक की हालत गंभीर बताई जाती है जानकारी मिलने पर सिराथू विधायक पीड़ितों के घर घड़ियाली आंसू बहाने पहुंच गए हैं आर्थिक मदद के नाम पर पीड़ित परिवारों को विधायक ने केवल कोरा आश्वासन दिया है फूटी कौड़ी भी इनकी जेब से नहीं निकल सकी है अचानक परिवार में आई मुसीबत के बाद परिजनों के ऊपर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है भाजपा सरकार में गरीब को प्रधानमंत्री आवास भी नहीं मिल सका है। घटना क्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के भदवा गांव निवासी आदर्श उर्फ कल्लू तिवारी पुत्र छोटे लाल तिवारी की कच्ची दीवार गिरने से घर मे खेल रहे बच्चे दीवार की चपेट में आने से दब गए जिसमे कल्लू तिवारी की पुत्री आशी तिवारी की मौके पर मृत्यु हो गई तथा एक बच्चे की हालत नाजुक है अन्य बच्चो को गंभीर चोंटे आई है हादसे में घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है हादसे की जानकारी मिलने पर चौकी इंचार्ज टेडीमोड गौरव त्रिवेदी अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुँचे है और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है इधर तहसील प्रशासन भी घटना स्थल पर पहुँच गए है सिराथू विधायक शीतला प्रसाद पटेल उर्फ पप्पू ने घायलों को बेहतर इलाज हेतु निर्देश दिया है परिवार वालो को हर संभव मदद देने का भरोसा दिया लेकिन उनकी जेब से मदद के नाम पर फूटी कौड़ी नहीं निकल सकी है।

कोखराज थाना क्षेत्र के भदवा गांव में बीती रात दीवार गिरने से घायल लोगों को जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

ऋण आवेदन पत्रों के निस्तारण में लापरवाही पर बैंको के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश

उद्योग बन्धु समिति की बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश

उद्योग बंधु समिति की बैठक करते जिलाधिकारी व अन्य

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक संपन्न हुई बैठक में जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिये बैठक में सहायक प्रबन्धक उद्योग ने बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के कुल 135 ऋण आवेदन पत्र बैंको को भेजे गये जिसमें से 29 आवेदन पत्र लंबित है इसी प्रकार मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 164 ऋण आवेदन पत्रों के सापेक्ष 82 ऋण आवेदन पत्र एवं एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत 172 ऋण आवेदन पत्रों के सापेक्ष 95 ऋण आवेदन पत्र लंबित हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए सहायक प्रबन्धक उद्योग को ऋण आवेदन पत्रों को निस्तारित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन बैंको द्वारा ऋण आवेदन पत्रों के निस्तारण में लापरवाही बरती जा रही है उन बैंको के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करायी जाय उन्होंने उद्योग विभाग के अधिकारियों के कार्य में लापरवाही बरतने एवं कार्य में रूचि न लेने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि कार्य में प्रगति न पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी जिलाधिकारी ने नये औद्योगिक आस्थान के निर्माण के संबंध में यूपीएसआईडीसी द्वारा अभी तक जमीन का चिन्हांकन कर आवश्यक कार्यवाही न किये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए निर्देश दिये कि आगामी माह तक प्रगति न लाये जाने पर संबंधित अधिकारी को निलंबित करने की कार्यवाही की जायेगी उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभाग से समन्वय कर गुणवत्तापूर्ण एंव तत्काल निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होने मिनी औद्योगिक आस्थान परसरा भरवारी एवं मखऊपुर के अतिरिक्त एक और मिनी औद्योगिक आस्थान बनाये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ करने के निर्देश दिये बैठक में उद्यमियों द्वारा बताया गया कि मिनी औद्योगिक आस्थान परसरा में निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं कराया जा रहा है एवं निर्माण कार्यों में लापरवाही बरती जा रही है, जिस पर जिलाधिकारी ने सहायक प्रबन्धक उद्योग को मौके पर जाकर निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी एवं एलडीएम सहित अन्य संबंधित अधिकारीगणों के अलावा उद्यमीगण उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को मारी टक्कर

कल्यानपुर कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर के पास बाइक सवारों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी है जिससे बाइक सवार दोनों व्यक्ति सड़क पर गिर पड़े हैं हादसे में बाइक सवारों को गंभीर चोटें आई हैं हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए हैं घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है घटना के बाद कार चालक कार सहित फरार हो गया है मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है।घटनाक्रम के मुताबिक कड़ा थाना क्षेत्र के सिपाह हब्बू नगर निवासी सन्त लाल पुत्र रामसूरत व हिमांचल पुत्र मूलचंद्र मोटर साइकिल से प्रयाग राज की तरफ जा रहे थे जैसे दोनों बाइक सवार कोखराज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर के पास पहुंचे कि तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया है हादसे में बाइक सवार दोनों व्यक्तियों को चोटें आई हैं और दोनो बाइक सवार रोड पर गिर गए एम्बुलेंस112 की मदद से स्थानीय अस्पताल में घायलों को भर्ती करा कर इलाज शुरू कराया गया है।

कोविड : तीसरी लहर के लिए दूसरी मॉक ड्रिल का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

टेडीमोड कौशाम्बी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा में स्थापित कोविड एल्वन प्लस मे पीकू से संबंधित मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया जिसमें शासन के निदेर्शानुसार नोडल अधिकारियों को भेजकर चेक लिस्ट के माध्यम से कमियों को दूर करने के लिए अभ्यास का आयोजन करते हुए अनुश्रवण किया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा में 50 सैया युक्त कोविड एल् -1 प्लस में 12 पीकू के संबंधित बेडो को आरक्षित किया गया है और 28 ऑक्सीजन युक्त कंसंट्रेटर संचालित बेड हैं 50 बेडो में ऑक्सीजन पाइप लाइन का कार्य किया जा चुका है ऑक्सीजन प्लांट का पीएसए सिस्टम अभी इंस्टॉल होना है इलेक्ट्रिकल संबंधित कार्य भी किए जाने हैं। दवाओं की उपलब्धता के बारे में नोडल अधिकारी डॉ एच.पी . मणी द्वारा दवा की उपलब्धता को चेक किया गया और जो दवाइयां अभी उपलब्ध नहीं है उनको मांग पत्र देकर मंगाने के लिए निर्देशित किया गया इस अभ्यास में एक गंभीर रोगी को एंबुलेंस के द्वारा लाकर उसके मैनेजमेंट की कार्यशैली को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा की टीम के द्वारा करते हुए नोडल अधिकारी ने अनुश्रवण और ऑक्सीजन सपोर्ट देने में मात्र 2 मिनट लगे जिससे ड्रिल सफलतापूर्वक आयोजित हो गई इस कार्यक्रम में अधीक्षक डॉ नीरज सिंह के निर्देशन में डॉ सुभाष शुक्ला ,डॉ वंदना सिंह वीरेंद्र सिंह प्रदीप सिंह सुशील सिंह युवराज सिंह श्रीपाल आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

बालू लदे ओवरलोड वाहनों को लेनदेन कर यातायात पुलिस ने छोड़ा

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। बालू के अवैध खनन पर रोक लगाए जाने के लिए आला अधिकारी बार-बार निर्देश दे रहे लेकिन अवैध वाहनों को पकड़ने के बाद भी लेनदेन कर यातायात पुलिस छोड़ रही है इस तरह से कैसे बालू के अवैध खनन और परिवहन पर रोक लगेगी यह यातायात व्यवस्था पर बड़ा सवाल है ताजा मामला चरवा थाना क्षेत्र का है जहां एक वाहन को पकड़ने के कुछ देर बाद यातायात पुलिस ने लेनदेन कर छोड़ दिया है जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। यातायात उप निरीक्षक धीरज जायसवाल ने अपने हमराहियो के साथ मनौरी भरवारी मार्ग थाना चरवा क्षेत्र के सिरियावां कला चौराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाये हुये थे तभी मनौरी की तरफ से दो टैक्टर ओवर लोड अवैध बालू लाद कर जा रहे थे चेकिंग के दौरान यातायात पुलिस द्वारा बालू लदे ट्रैक्टरों की चेकिंग की गई जिसमें यातायात उप निरीक्षक द्वारा उन दो ट्रैक्टरों को थाना चरवा मे ले जाकर दाखिल करना था लेकिन रास्ते के बीच बेरूवा चौराहा के आगे पेट्रोल टंकी के पास उन दोनों ट्रैक्टरों को यातायात उप निरीक्षक ने लेनदेन कर छोड़ दिया है जिसका वीडियो में साफ-साफ जाते हुए ट्रैक्टर मोड़ते हुए वापस घर जाते हुए वीडियो वायरल हो रहा है यातायात पुलिस के कारनामे पर चहुँओर चर्चा हो रही है पकड़ने के बाद बालू लदे ओवरलोड वाहनों को छोड़ने के मामले में है यदि पुलिस अधिकारियों ने जांच कराई तो यातायात उपनिरीक्षक पर कार्यवाही तय है।

उपनिरीक्षक नित्यानंद की चोरी खुलासा में झोल ही झोल

अखंड भारत संदेश

चोरी का गलत खुलासा कर उपनिरीक्षक नित्यानंद ने लूट ली झूठी वाहवाही, तीस हजार रुपए लेकर मुख्य अभियुक्त को छोड़ा, दो को नहीं किया गिरफ्तार, तीन का कर दिया चालान

कौशाम्बी। कोखराज थाना से चोरी के आरोप में जेल गए अभियुक्त के परिजनों ने नित्यानंद सिंह उपनिरीक्षक के ऊपर गंभीर आरोप लगाना शुरू कर दिए हैं। जेल गए अभियुक्त के परिजनों ने उपनिरीक्षक नित्यानंद सिंह की कार्यशैली पर सवाल करना शुरू कर दिए हैं और उन्होंने आरोप लगाया कि नित्यानंद सिंह उपनिरीक्षक चोरी में शामिल मुख्य अभियुक्त के परिजनों से रिश्वत लेकर चोरी की घटना का गलत खुलासा किया है।

कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर चौकी अंतर्गत पीएनसी विभाग का 14 एचपी का जनरेटर 16 सितम्बर को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था। तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच कर रहे चौकी इंचार्ज नित्यानंद सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुखबिर की निशानदेही पर अभियुक्त संदीप कुमार सोनकर पुत्र रमेश सोनकर निवासी टिकरी मुजफ्फरपुर थाना सराय अकिल को दिन में घर से गिरफ्तार कर थाना कोखराज ले आए और लॉकअप में डाल दिए। अभियुक्त की गिरफ्तारी उपनिरीक्षक नित्यानंद ने कल्याणपुर बैंक ऑफ बड़ौदा के पीछे एक बाग से रात्रि 2:00 बजे दिखाई हैं जबकि संदीप कुमार को दिन में उसके घर से गिरफ्तार करते हुए सैकड़ों लोगों ने देखा है। उपनिरीक्षक नित्यानंद ने खुलासा के दौरान गिरफ्तारी की झूठी कहानी गढ़ दिया जो बात क्षेत्रीय लोगों को हजम नहीं हो रही है और नित्यानंद की कार्यशैली से लोगों ने पुलिस महकमा के ऊपर कीचड़ उछालना शुरू कर दिया हैं। अभियुक्त से कड़ी पूछताछ के दौरान अभियुक्त संदीप कुमार ने चोरी में शामिल मनीष कुमार पुत्र राम खेलावन निवासी भरतपुर अहिरारा थाना कोखराज, रामचंद्र पटेल पुत्र धर्मपाल निवासी चकिया निधियावां थाना कोखराज, आशीष कुमार पुत्र नरेश सोनकर निवासी ककोढा थाना कोखराज, शीलू पुत्र राम नारायण तिवारी निवासी चकिया निधियावा थाना कोखराज तथा राम जी पुत्र अशोक पांडे निवासी चकिया निधियावा थाना कोखराज इन सभी लोगों के साथ मिलकर अभियुक्त संदीप कुमार ने चोरी की घटना को अंजाम देने की बात कबूली है लेकिन उपनिरीक्षक नित्यानंद शीलू और राम जी को छोड़कर बाकी सभी अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया जिसमें से एक अभियुक्त आशीष कुमार सोनकर निवासी ककोढा के परिजनों से उपनिरीक्षक नित्यानंद सिंह ने तीस हजार रुपए लेकर आशीष कुमार को छोड़ दिया बाकी संदीप कुमार, मनीष कुमार व रामचंद्र पटेल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया नित्यानंद उपनिरीक्षक ने चोरी में शामिल अभियुक्त के परिजनों से मिलकर रुपए लेने के बाद चोरी का गलत खुलासा करने का आरोप में जेल गए अभियुक्त के परिजनों ने उपनिरीक्षक नित्यानंद सिंह के ऊपर आरोप लगाना शुरू कर दिया हैं।

5 दिन बीते दूसरे हत्याभियुक्त को नहीं खोज सकी पुलिस

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी बाजार में 23 सितंबर की रात्रि 8 बजे नितिन कुमार केसरवानी उर्फ छोटू पर चाकुओं से लगातार प्रहार कर उसे मौत के घाट उतार दिया गया था घटना में 24 सितंबर को मंगल को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है लेकिन इस हत्याकांड का नामजद दूसरा आरोपी सुनील कौशल उर्फ लांबा को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है घटना को 5 दिन बीत चुके हैं लेकिन सुनील केसरवानी के हत्यारे को पुलिस खोज नहीं सकी है एक हत्या अभियुक्त को गिरफ्तार करने के बाद पिपरी पुलिस सुस्त दिखाई पड़ रही है दूसरे हत्याभियुक्त की गिरफ्तारी में पुलिस की ढिलाई की चर्चा लोगों की जुबान में होने लगी है जिससे कस्बा वासियों की बातों को माने तो आरोपी सुनील के ठिकाने की जानकारी कई लोगों को है लेकिन पुलिस उसके ठिकाने को नहीं खोज पा रही है। जिले में इसके पहले भी हत्याओं के कई ऐसी घटनाएं हैं जो पुलिस अभिलेखों में दफन होकर रह गई है तमाम हत्या कांड का खुलासा पुलिस नही कर सकीं है कोखराज थाना क्षेत्र के बालक मऊ गांव में एक चिकित्सक को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया गया था चार वर्ष बीत जाने के बाद भी चिकित्सक हत्याकांड का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है।

सम्पादकीय

चीन को चुनौती

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण के जरिए बड़ी खूबसूरती से वैश्विक मामलों पर बोलने के चीन के नैतिक अधिकार पर सवाल खड़ा कर दिया। ध्यान रहे, नए अंतरराष्ट्रीय समीकरणों के लिहाज से चीन का वर्चस्ववादी और आक्रामक रुख ही सबसे बड़ा खतरा माना जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76वें सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जो भाषण दिया, वह ऐतिहासिक सिर्फ इसलिए नहीं है कि उसमें अफगानिस्तान, आतंकवाद और कोरोना जैसी चुनौतियों पर बड़ी स्पष्टता और उतनी ही गंभीरता से भारत का पक्ष रखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी के भाषण की अहमियत इस बात में है कि छोटे मसलों में उलझने के बजाय इसमें बदलते अंतरराष्ट्रीय समीकरणों से उभरी चुनौतियों को रेखांकित करने की कोशिश की गई और इससे भी बड़ी बात यह कि इन चुनौतियों के पीछे छिपे अवसर को पहचानते हुए उसका उपयुक्त इस्तेमाल करने की दूरदर्शिता दिखाई गई है। यह अकारण नहीं है कि प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में भारत को लोकतंत्र की जननी के रूप में चित्रित करते हुए वैश्विक बिरादरी को याद दिलाया कि हमारे देश में लोकतंत्र की हजारों वर्षों की परंपरा है।

विविधता हमारे समाज की पारंपरिक विशिष्टता रही है। कामकाज में पारदर्शिता हमारी स्वाभाविक शैली है। गौर करने की बात यह है कि ये कुछ ऐसे बिंदु हैं, जहां चीन मुकाबले में कहीं खड़ा ही नहीं हो सकता। न तो वहां लोकतंत्र है और ना ही पारदर्शिता। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में ठीक ही कोरोना की उत्पत्ति और वर्ल्ड बैंक के ईज ऑफ डूइंग बिजनेस इंडेक्स के कैंसिलेशन का मुद्दा उठाया। वैश्विक बिरादरी इन दोनों सवालों पर चीनी रुख में पारदर्शिता की कमी से जूझ रही है। दुनिया देख सकती है कि एक तरफ भारत है, जो कोरोना की चुनौती से खुद जूझते हुए भी दूसरे देशों को वैक्सीन उपलब्ध कराने की जद्दोजहद में जुटा हुआ है, दूसरी तरफ चीन है जो कोरोना की उत्पत्ति की गुत्थी को सुलझाने तक में सहयोग देने को तैयार नहीं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण के जरिए बड़ी खूबसूरती से वैश्विक मामलों पर बोलने के चीन के नैतिक अधिकार पर सवाल खड़ा कर दिया। ध्यान रहे, नए अंतरराष्ट्रीय समीकरणों के लिहाज से चीन का वर्चस्ववादी और आक्रामक रुख ही सबसे बड़ा खतरा माना जा रहा है। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र के मंच से प्रधानमंत्री का यह दर्शाना महत्वपूर्ण है कि चीन का रुख न केवल अन्य देशों की भौगोलिक सीमाओं और अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों में स्वतंत्र व्यापारिक गतिविधियों के लिए खतरा बनता जा रहा है बल्कि यह आधुनिकता और प्रगतिशील मूल्यों के भी खिलाफ है।

ऐसे में चीन के साथ सहयोग का दायरा बढ़ाने की कोई भी कोशिश उदार वैश्विक मूल्यों को खतरे में डालेगी। इसी बिंदु पर भारत के लिए संभावनाओं के नए द्वार भी खुलते हैं। निवेश के अवसरों से भरपूर एक लोकतांत्रिक और पारदर्शितापूर्ण समाज के तौर पर भारत बेहतर विकल्प के रूप में दुनिया के सामने मौजूद है। ग्लोबल सप्लाई चेन में चीन की जगह लेने को भारत तैयार है। भारत और वैश्विक समुदाय का यह साथ न केवल भारत के विकास की दृष्टि से बल्कि सद्भावपूर्ण, लोकतांत्रिक और उदार दुनिया सुनिश्चित करने के लिहाज से भी उपयोगी होगा।

पश्चिम और दक्षिण भारत के राज्यों में उच्च प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय आय

डॉ. हनुमन्त यादव

भारत की छठवीं पंचवर्षीय योजना के समाप्त होने पर भी भारत के सभी सामान्य राज्यों में इन राज्यों द्वारा निचली पायदान पर कायम रहने के कारण प्रो. राजकृष्णा ने अपने आलेख में इन राज्यों को बीमारू राज्य शब्द से इंगित किया था। बिहार, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के विभाजन के बावजूद बिहार के साथ झारखंड तथा मध्यप्रदेश के साथ छत्तीसगढ़ भी निम्न प्रति व्यक्ति आमदनी वाले राज्यों में बने हुए हैं और आगे भी बने रहने की संभावना है। भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित राज्यों की घरेलू उत्पाद के 11 अगस्त 2021 को संशोधित जारी आंकड़ों के अनुसार विभिन्न राज्यों की दर्शाई गई स्थिति के संदर्भ पर यहां चर्चा की जाएगी। चर्चा के लिए भारत के राज्यों को तीन भागों में विभाजित किया गया है : पहला सामान्य राज्य, दूसरा, उत्तर-पूर्व के जनजाति बहुल राज्य और तीसरा, दिल्ली और चंडीगढ़ जैसे केन्द्र शासित राज्य। भारत के सामान्य राज्यों की संख्या 21 है। सबसे पहले राज्य के सकल घरेलू उत्पाद तथा इसके बाद राज्यों की प्रति व्यक्ति आय के बारे में चर्चा की जाएगी। राज्य की निवल घरेलू उत्पाद को जनसंख्या से भाग देने पर प्रति व्यक्ति आय प्राप्त की जाती है।

राज्यों में सबसे अधिक सकल घरेलू उत्पाद महाराष्ट्र राज्य का 26.61 लाख करोड़ रुपये है जो 370 बिलियन डॉलर के समकक्ष है सकल घरेलू उत्पाद में दूसरा, तमिलनाडु 20.92 लाख करोड़ रुपये, तीसरा, उत्तरप्रदेश 17.05 लाख करोड़ रुपये, चौथा, पश्चिम बंगाल 16.69 लाख करोड़ रुपये, पांचवा, गुजरात 16.48 लाख करोड़ रुपये, छठवां, कर्नाटक 16.29 लाख करोड़ रुपये, सातवां, राजस्थान 10.21 लाख करोड़ रुपये, आठवां, आन्ध्रप्रदेश 9.78 लाख करोड़ रुपये, नौवां, तेलंगाना 9.69 लाख करोड़ रुपये तथा दसवां मध्यप्रदेश 9.09 लाख करोड़ रुपये है। नीची सकल घरेलू उत्पाद राज्यों में हिमाचल प्रदेश 1.56 लाख करोड रुपये तथा गोवा 0.82 लाख करोड़ रुपये है। उत्तर-पूर्व के आदिवासी बहुल राज्यों में सभी का सकल घरेलू उत्पाद 0.60 लाख करोड़ रुपये से नीचा है। दिल्ली राज्य का सकल घरेलू उत्पाद 7.98 लाख करोड़ रुपये और चंडीगढ़ का 0.42 लाख करोड़ रुपये है।

भारत की प्रति व्यक्ति निवल घरेलू उत्पाद अर्थात प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय आय 1,63,080 रुपये है, जो 2191 यूएस डॉलर के बराबर है। यह आय पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। इस प्रकार कोरोना महामारी प्रसार के बावजूद भारत की प्रति व्यक्ति आय अधिक रही है। भारत के 21 सामान्य राज्यों में सबसं अधिक प्रति व्यक्ति आय वाले 5 राज्य हैं : गोवा, हरियाणा, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु। गोवा की प्रति व्यक्ति आय 4,35,960 रुपये है जो 7032 यूएस डॉलर के समकक्ष है और प्रति व्यक्ति आय में ब्राजील की प्रति व्यक्ति आय के बराबर है। प्रति व्यक्ति आय में दूसरे स्थान पर हरियाणा है, जिसकी प्रति व्यक्ति आय 2,39,535 रुपये है जो 3,764 यूएस डॉलर के समकक्ष है। तेलंगाना की प्रति व्यक्ति आय 2,26,632 रुपये 3368 यूएस डॉलर के समकक्ष है। कर्नाटक की प्रति व्यक्ति आय 2,26,796 रुपये है, जो 3358 यूएस डॉलर के मूल्य के बराबर है। तमिलनाडु राज्य की प्रति व्यक्ति आय 2,25,106 रुपये है, जो 3600 यूएस डॉलर के समकक्ष है। प्रति व्यक्ति आय में भारत के राज्यों में छठवें स्थान पर केरल है। केरल के बाद क्रमशः गुजरात, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, और पंजाब राज्य हैं, इन सभी राज्यों की प्रति व्यक्ति भारत की प्रति व्यक्ति आय 1,63,080 रुपये से अधिक है। प्रति व्यक्ति आय में केरल 2,21,904 रुपये, गुजरात 2,13,936 रुपये, उत्तराखंड 2,02,895 रुपये, और महाराष्ट्र 2,02,130 रुपये है। 2 लाख रुपये से नीची एवं 1 लाख रुपये से अधिक प्रति व्यक्ति के राज्य ये हैं, इनकी प्रति व्यक्ति आय इस प्रकार है- हिमाचल प्रदेश 1,93,286 रुपये, आंध्रप्रदेश 1,70,215 रुपये, पंजाब 1,71,359 रुपये। भारत की प्रति व्यक्ति आय से नीची आय वाले राज्य इस प्रकार हैं - पश्चिम बंगाल 1,21,267 रुपये, राजस्थान 1,09,886 रुपये, ओडिशा 1,09,330 रुपये और छत्तीसगढ़ 1,04,493 रुपये है। 1 लाख रुपये से नीची प्रति व्यक्ति आय वाले 5 राज्य इस प्रकार हैं - मध्यप्रदेश 98,418 रुपये, असम 86,801 रुपये, झारखंड 75,587 रुपये, और उत्तरप्रदेश 62,652 रुपये है।

बिहार राज्य की प्रति व्यक्ति आय सभी राज्यों में सबसे नीची 46,292 रुपये है। इस प्रकार भारत में राज्यों की प्रति व्यक्ति आय में शीर्ष पर गोवा है और सबसे नीचे बिहार है। पश्चिम भारत और दक्षिण भारत के सभी राज्यों की प्रति व्यक्ति आय भारत की प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय आय 1,63,080 रुपये से अधिक है। पूर्वी भारत और मध्यभारत के राज्यों की प्रति व्यक्ति आय सबसे नीची है। उत्तर-पूर्व के राज्यों में सिक्किम की संस्कृति की भूटान के समान सनातन मानी जाती है और राज्य की प्रति व्यक्ति आय को गोवा के समान इन राज्यों में शीर्ष पर है। सिक्किम की प्रति व्यक्ति आय 4,24,454 रुपये है जो 6545 यूएस डॉलर के बराबर होती है। उत्तरपूर्व के जनजाति बहुल राज्यों में मिजोरम की प्रति व्यक्ति आय 1,87,327 रुपये, अरुणांचल प्रदेश 1,69,742 रुपये , त्रिपुरा 1,29,995 रुपये, नागालैंड 1,20,518 रुपये, मेघालय 82,182 रुपये और मणिपुर 84,746 रुपये है। राज्यों के तीसरे वर्ग में देश की राजधानी दिल्ली सबसे बेहतर स्थिति में है। दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय 3,54,004 रुपए है। चंडीगढ़ की प्रति व्यक्ति आय 3,30,015 और पुडुचेरी की प्रति व्यक्ति आय 2,21,467 रुपए है।2019-20 की तुलना में 2020-21 वर्ष में कोरोना के प्रभाव के कारण औद्योगिक उत्पादन में कमी आने के कारण हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड और उत्तरप्रदेश में प्रति व्यक्ति आय में कमी आई है। दूसरी ओर कोरोना संक्रमण के होते हुए भी तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, पश्चिम बंगाल और बिहार राज्यों में प्रति व्यक्ति आय पिछले वर्ष की तुलना में चालू वर्ष में अधिक रही है। वर्ष 2021-22 में कोरोना के प्रकोप में कमी आने के कारण औद्योगिक एवं सेवा क्षेत्र के उत्पादन में तेजी आने के कारण सभी राज्यों के सकल घरेलू उत्पाद बढ़ने से राज्यों के प्रति व्यक्ति आय बढ़ने की संभावना है।

निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि पश्चिम भारत और दक्षिण भारत के राज्य उच्च प्रति व्यक्ति आय वाले राज्यों के रूप में दशकों से बने हुए हैं और आगे भी उनके इस श्रेणी में बने रहने की संभावना है। दूसरी ओर बिहार, मध्यप्रदेश, असम, राजस्थान, ओडिशा, उत्तरप्रदेश ये राज्य 40 साल की विकास योजनाओं के बावजूद निम्न प्रति व्यक्ति वाले राज्य बने हुए हैं। भारत की छठवीं पंचवर्षीय योजना के समाप्त होने पर भी भारत के सभी सामान्य राज्यों में इन राज्यों द्वारा निचली पायदान पर कायम रहने के कारण प्रो. राजकृष्णा ने अपने आलेख में इन राज्यों को बीमारू राज्य शब्द से इंगित किया था। बिहार, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के विभाजन के बावजूद बिहार के साथ झारखंड तथा मध्यप्रदेश के साथ छत्तीसगढ़ भी निम्न प्रति व्यक्ति आमदनी वाले राज्यों में बने हुए हैं और आगे भी बने रहने की संभावना है।

दक्षेस अपनी सार्थकता सिद्ध नहीं कर पाया, अब जन-दक्षेस बनना चाहिए

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

सरकारें लड़ती-झगड़ती रहें तो भी लोगों के बीच बातचीत जारी रहे। यह इसलिए जरूरी है कि दक्षिण और मध्य एशिया के 16-17 देशों के लोग एक ही आर्य परिवार के हैं। उनकी भाषा, भूषा, भोजन, भजन और भेषज अलग-अलग हो सकते हैं लेकिन उनकी संस्कृति एक ही है। दक्षेस (सार्क) के विदेश मंत्रियों की जो बैठक न्यूयार्क में होने वाली थी, वह स्थगित हो गई है। उसका कारण यह बना कि अफगान सरकार का प्रतिनिधित्व कौन करेगा सच पूछा जाए तो 2014 के बाद दक्षेस का कोई शिखर सम्मेलन वास्तव में हुआ ही नहीं। 2016 में जो सम्मेलन इस्लामाबाद में होना था, उसका आठ में से छह देशों ने बहिष्कार कर दिया था, क्योंकि जम्मू में आतंकवादियों ने उन्हीं दिनों हमला कर दिया था। नेपाल अकेला उस सम्मेलन में सम्मिलित हुआ था, क्योंकि नेपाल उस समय दक्षेस का अध्यक्ष था और काठमांडो में दक्षेस का कार्यालय भी है। दूसरे शब्दों में इस समय दक्षेस बिल्कुल पंगु हुआ पड़ा है। यह 1985 में बना था लेकिन अब 35 साल बाद भी इसकी ठोस उपलब्धियां नगण्य ही हैं, हालांकि दक्षेस-राष्ट्रों ने मुक्त व्यापार, उदार वीजा-नीति, पर्यावरण-रक्षा, शिक्षा, चिकित्सा आदि क्षेत्रों में परस्पर सहयोग पर थोड़ी बहुत प्रगति जरूर की है लेकिन हम दक्षेस की तुलना यदि यूरोपीय संघ और 'आसियान' से करें तो वह उत्साहवर्द्धक नहीं है। फिर भी दक्षेस की उपयोगिता से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसे फिर से सक्रिय करने का भरसक प्रयत्न जरूरी है। जिन दिनों 'सार्क' यानि 'साउथ एशियन एसोसिएशन ऑफ रीजनल कोऑपरेशन' नामक संगठन का निर्माण हो रहा था तो इसका हिंदी नाम 'दक्षेस' मैंने दिया था। 'नवभारत टाइम्स' के एक संपादकीय में मैंने 'दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ' का संक्षिप्त नाम 'दक्षेस' बनाया था। उस समय यानि अब से लगभग 40 साल पहले भी मेरी राय थी कि दक्षेस के साथ-साथ एक जन-दक्षेस संगठन भी बनना चाहिए यानि सभी पड़ोसी देशों के समान विचारों वाले लोगों का संगठन होना भी बहुत जरूरी है।

सरकारें आपस में लड़ती-झगड़ती रहें तो भी उनके लोगों के बीच बातचीत जारी रहे। यह इसलिए जरूरी है कि दक्षिण और मध्य एशिया के 16-17 देशों के लोग एक ही आर्य परिवार के हैं। उनकी भाषा, भूषा, भोजन, भजन और भेषज अलग-अलग हो सकते हैं लेकिन उनकी संस्कृति एक ही है। अराकान (म्यांमार) से खुरासान (ईरान) और त्रिविष्टुप (तिब्बत) से मालदीव के इस प्रदेश में खनिज संपदा के असीम भंडार भरे हुए हैं। यदि भारत चाहे तो इन सारे पड़ोसी देशों को कुछ ही वर्षों में मालामाल किया जा सकता है और करोड़ों नए रोजगार पैदा किए जा सकते हैं। यदि हमारे ये देश यूरोपीय राष्ट्रों की तरह संपन्न हो गए तो उनमें स्थिरता ही नहीं आ जाएगी बल्कि यूरोप के राष्ट्रों की तरह वे युद्धमुक्त भी हो जाएंगे। पिछले 50-55 वर्षों में लगभग इन सभी राष्ट्रों में मुझे दर्जनों बार जाने और रहने का अवसर मिला है। भारत के लिए उनकी सरकारों का रवैया जब-तब जो भी रहा हो, जहां तक इन देशों की जनता का सवाल है, भारत के प्रति उनका रवैया मैत्रीपूर्ण रहा है। इसीलिए भारत के प्रबुद्ध और संपन्न नागरिकों को जन-दक्षेस के गठन की पहल तुरंत करनी चाहिए। वह दक्षेस के नहले पर दहला सिद्ध होगा।

पाक को कौन समझाए, बच्चा शोर करता है और बाप का अनुभव बोलता है

अनुराग मिश्र

वैसे तो, भारत और पाकिस्तान की कोई तुलना नहीं है। सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत का दुनिया में अपना स्थान है और पाकिस्तान को उसके जन्म के बाद से ही संदेह भरी नजरों से देखा और आतंकी मुल्क के रूप में पहचाना जाता है। ऐसे में जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान संयुक्त राष्ट्र के मंच से भारत के खिलाफ प्रोपेगैंडा फैलाने की कोशिश करते हैं तो वास्तव में वह खुद ही दुनिया के सामने अपनी पोल खोल रहे होते हैं। आज के वक्त में कोई भी देश आतंकवाद पर पाकिस्तान के आदर्श ज्ञान के झांसे में आने वाला नहीं है। दुनिया के खूंखार आतंकी संगठन अल कायदा के सरगना ओसामा बिन लादेन को शरण देने वाला मुल्क खुद को आतंकवाद का पीड़ित बताए तो लोगों को हंसी तो आएगी ही। इससे एक बात और साफ हो जाती है कि आजादी के इतने साल बाद जहां भारत परिपक्व होकर उभरा है, वहीं धर्म के आधार पर अलग होने वाला भारत का ही अंश आज अपनी पहचान के लिए मोहताज है। इमरान के दुनिया को भरमाने वाला भाषण देने के फौरन बाद ही भारतीय राजनयिक स्नेहा दुबे ने उसी मंच से पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगाई। इस युवा राजनयिक ने इमरान के हर एक दांव को चुन-चुन कर फेल कर दिया। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बोलने के लिए ज्यादा कुछ रह नहीं जाता था। कुछ घंटे बाद जब पीएम संयुक्त राष्ट्र महासभा में बोलने आए तो उन्होंने भारत के कद को समझते हुए पाकिस्तान की ओछी हरकत को तवज्जो ही नहीं दी। यह भारत की गरिमा और प्रतिष्ठा के लिहाज से भी हल्की बात होती। एक मंझे हुए राजनेता की तरह पीएम मोदी ने दुनिया के सामने उन मुद्दों की चर्चा की, जो वास्तव में वैश्विक समस्याएं हैं और जिनका हर देश से राब्ता है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर किसी भी नेता को वैश्विक मुद्दे ही उठाने चाहिए यही डिप्लोमेसी कहती है। दो देशों के अपने मुद्दों के लिए द्विपक्षीय रिश्ते और बातचीत कब काम आएगी लेकिन पड़ोसी मुल्क को कौन समझाए। पाकिस्तान को पहले डिप्लोमेसी समझनी चाहिए तभी दुनिया में वह अपनी बेइज्जती से बच सकता है। अफगानिस्तान में तालिबान आतंकियों की सरकार बनने पर पाकिस्तानी हुक्मरान जिस तरह उछल रहे थे, उससे दुनिया में यही संदेश गया है कि इस मुल्क का कुछ होने वाला नहीं है। अमेरिका ने संबंधों की समीक्षा कहने की बात कहते हुए तगड़ा झटका दिया। अब सुबह से शाम तक इमरान खान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के फोन के इंतजार में दुबले हुए जा रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि जब मोदी की बाइडन और कमला हैरिस से मुलाकात की तस्वीरें सुर्खियां बन रही थीं, पाकिस्तान के टीवी चैनलों और विशेषज्ञों यहां तक कि विपक्षी नेताओं के चेहरों पर भी मायूसी छाई थी। जैसी करनी वैसी भरनीष्ठ ये कहावत गलत नहीं है। आतंकियों से हमदर्दी दिखाने वाले देश को यह दिन तो देखना ही था।

उधर, जब पीएम अमेरिका की सरजमीं पर पहुंचते हैं तो ऑस्ट्रेलिया, जापान से लेकर अंतरराष्ट्रीय मीडिया में चीन के खिलाफ बने क्वाड समूह की चर्चाएं तेज हो जाती हैं। चीन भी नजरें गड़ाए देख रहा है कि कैसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उसकी दादागिरी अब ज्यादा समय तक चलने वाली नहीं है। अंतरराष्ट्रीय कारोबार के इस अति महत्वपूर्ण क्षेत्र पर दुनिया के हर देश समान पहुंच चाहते हैं। ऐसे में भारत समेत 4 देशों के इस गुट ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। चारों नेताओं की अमेरिका में बैठक होती है पर संयुक्त बयान में खुले तौर पर चीन का जिक्र नहीं होता। यह भी एक डिप्लोमेसी है। मीडिया कहता रहे लेकिन आधिकारिक तौर पर राष्ट्र स्वीकार नहीं करते कि कोई भी काम किसी देश के खिलाफ किया जा रहा है। इससे छवि तो खराब होती ही है, एक गलत संदेश भी जाता है। ऐसा भी नहीं है कि पीएम ने चीन को संदेश देने की कोशिश नहीं की पर जो तरीका उन्होंने अपनाया वह कुछ वैसा ही था जैसे अपने यहां कहा जाता है न- सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे। चीन से भारत का बड़ा द्विपक्षीय कारोबार है, कई तरह के हमारे हित जुड़े हैं। पूर्वी लद्दाख प्रकरण के बाद भारत ने जहां भी संभव हुआ, चीन पर नकेल कसी है लेकिन इस तरह वैश्विक मंच से चीन का नाम लेना सीधे तौर पर टेंशन बढ़ाने वाला कदम होता। ऐसे में प्रधानमंत्री ने इशारों में अपनी बात कही। उन्होंने समंदर को 'हमारी साझा विरासत' बताते हुए कहा कि हमें यह ध्यान में रखना चाहिए कि समुद्री संसाधन का सिर्फ उपयोग करना है, उनका दुरुपयोग या अति दोहन नहीं करना है। उन्होंने कहा, 'हमारे समंदर अंतरराष्ट्रीय व्यापार की जीवन रेखा हैं। हमें विस्तार और बहिष्कार की दौड़ से उनकी सुरक्षा करनी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को नियम आधारित विश्व व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए एक सुर में आवाज उठानी होगी।' यह कहकर उन्होंने उन देशों को भी साध लिया जो दक्षिण चीन सागर और अन्य क्षेत्रों में चीन के बढ़ते प्रभाव से खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पीएम यूएन के मंच पर पहुंचे तो एक आम धारणा ऐसी बनी थी कि वह पाकिस्तानी पीएम के सवालों के जवाब देंगे, लेकिन अंतर क्या रह जाता। 65 घंटे के सफर में 20 बैठकें करने वाले पीएम ने कोरोना काल में भारत की अहम भूमिका को रेखांकित किया। मानवता के प्रति अपने दायित्व को समझते हुए उन्होंने बताया कि कैसे भारत ने गरीब और विकासशील देशों को वैक्सीन उपलब्ध कराई। संयुक्त राष्ट्र महासभा को जानकारी देते हुए पीएम ने कहा कि भारत ने दुनिया का पहला डीएनए टीका विकसित कर लिया है जिसे 12 साल की आयु से ज्यादा के सभी लोगों को दिया जा सकता है। भारत के वैज्ञानिक नाक से दिए जाने वाले कोरोना के टीके के निर्माण में जुटे हैं। एक बार फिर दुनिया के जरूरतमंद देशों को टीके देने शुरू कर दिए गए हैं। उन्होंने दुनिया के टीका निर्माताओं को भारत में टीके का उत्पादन करने का न्योता भी दिया। इस तरह पीएम ने कोरोना वैक्सीन जैसे बड़े मसले पर दुनिया के सामने भारत का मजबूती से पक्ष रखा, जो भारत की साख बढ़ाने वाला था। पीएम मोदी ने यूएन के मंच से यूएन को भी सुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने दो टूक कहा कि अगर समय के साथ इस अंतरराष्ट्रीय संस्था ने सुधार नहीं किए तो उसकी प्रासंगिकता खत्म हो जाएगी। उन्होंने सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए भारत की दमदार दावेदारी एक बार फिर पेश की। चाणक्य के शब्द दोहराते हुए उन्होंने वैश्विक समाज से कहा कि जब सही समय पर सही कार्य नहीं किया जाता, तो समय ही उस कार्य की सफलता को समाप्त कर देता है। उन्होंने कहा कि आज संयुक्त राष्ट्र के बारे में तमाम तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं। किसी भी नेता के लिए इस तरह से मंच के खिलाफ में बोलना कोई छोटी बात नहीं है, आज भारत की भूमिका दुनिया में जिस तरह से बढ़ी है, उससे यह संभव हो सका है।

अफगानिस्तान का मसला भी ज्वलंत है और पड़ोसी देश होने के नाते भारत की अपनी चिंताएं हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री ने कहा कि वहां की महिलाओं और बच्चों, अल्पसंख्यकों को मदद की जरूरत है। हमें उन्हें यह सहायता प्रदान करके अपना कर्तव्य पूरा करना चाहिए। यह सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है कि अफगानिस्तान के क्षेत्र का इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने और आतंकवादी हमलों के लिए न हो। मोदी ने किसी देश का नाम तो नहीं लिया पर पाकिस्तान को निशाने पर लेते हुए यह जरूर कहा कि हमें सतर्क रहने और यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि कोई भी देश वहां की नाजुक स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश न करे और इसे अपने स्वार्थ के लिए एक साधन के तौर पर इस्तेमाल न करे। जिसको समझना था वे समझ चुके थे, मोदी क्या और किसे कह रहे थे। अब जरा इमरान खान के भाषण पर नजर दौड़ा लीजिए। अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के प्रति हमदर्दी जताते हुए उन्होंने दुनिया से उसे समर्थन और सहयोग देने का आह्वान किया। एक देश जिसकी माली हालत इतनी खराब है कि कार और भैंसों की नीलामी करनी पड़ रही है, वह मुल्क संयुक्त राष्ट्र के मंच से अपने पड़ोसी देश में भुखमरी और गरीबी पर चिंता जता रहा है। वैसे, किसी देश के हित में बोलना बुरा नहीं है, लेकिन यहां इमरान के मुंह से निकल रहे शब्दबाण तालिबान के लिए रहम जुटाने के लिए थे। कश्मीर राग और तालिबान प्रेम के साथ ही इमरान ने इस्लाम और मुसलमानों का मसीहा भी बनने की कोशिश की जो वह पीएम बनने के बाद से ही आजमाते आ रहे हैं।यूएन में इस्लामोफोबिया का जिक्र करना कोई नया नहीं है। इमरान पीएम बनने के बाद हर बार यह शिगूफा छोड़ते आ रहे हैं। वह करें भी तो क्या करें, बदहाल देश में बताने के लिए कुछ है नहीं, इस्लामिक कट्टरपंथियों की पनाहगाह बन चुके मुल्क में खैरात पर इकॉनमी चल रही है। अमेरिका भी सब दांव समझ चुका है। ऐसे में पाकिस्तान की बची खुची उम्मीद मुस्लिम देश ही हैं, जो इस मुस्लिम बहुल देश को कुछ दे सकते हैं। ऐसे में इमरान के इस्लामोफोबिया के जिक्र के पीछे की मंशा समझी जा सकती है। दुनिया में ईसाई के बाद मुस्लिम आबादी सबसे ज्यादा है। तीसरे नंबर पर हिंदू आते हैं। लेकिन पाकिस्तान के हुक्मरान यह भूल जाते हैं कि उसकी जनसंख्या के बराबर मुसलमान भारत में रहते हैं और जैसा कि स्नेहा दुबे ने भी इमरान और पाकिस्तान की पूरी आवाम को सुनाया कि उनके यहां तो टॉप पोस्ट पर अल्पसंख्यकों को रोकने के लिए कानून बना दिया गया है लेकिन भारत में अल्पसंख्यक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और आर्मी चीफ जैसी टॉप पोस्ट पर पहुंच चुके हैं। समझना पाकिस्तान को है हर बार शोर करके बेइज्जती झेलनी है या गंभीरता दिखाते हुए पड़ोसी देश से कुछ सीखना भी है।

तोड़-तोड़ के बंधनों को देखो बहनें आती हैं

नाइश हसन

औरत के वजूद से बंधी रस्मों की रस्सियों के बल खोल उसे आजादी की ओर बढ़ाने को कमला ने उसका हाथ थामा, तो उसकी गरमाहट से न जाने कितने चेहरों पर मुस्कुराहटें तैरने लगीं। गुलदस्ते में सजे फूलों के तमाम रंगों की मानिंद कमला भसीन की शख्सियत के भी अलग-अलग रंग थे। एक समाजी कारकुन, कवि, शायर, कहानीकार कमला हिंदुस्तान में महिला आंदोलन की रूहेंरवां थीं। कमला यह बेहतर जानती थीं कि उबलते पानी में परछाईं नहीं दिखती। इसलिए उन्होंने जेहनों में जड़ जमाए बैठी गैरबराबरी पर बोलने के लिए जो रास्ता चुना, वह बहुत सहज, सरल और ऐसा चुटीला था कि सुनने वाले के दिल पर असर छोड़ता और अड़ियल से अड़ियल इंसान भी उनकी बातों का कायल हो जाता। मसलन, दिल्ली में एक ट्रेनिंग प्रोग्राम में एक पुरुष कमला की बातों से असहमत होता रहा। शायद वह निजी अनुभव से परेशान था। लंच ब्रेक में कमला ने बड़े प्यार भरे अंदाज में उसके कंधे पर हाथ रख मुस्कुराते हुए कहा, 'मियां, लड़ाई औरत बनाम मर्द की नहीं, लड़ाई तो पितृसत्ता से है हुजूर, जिसने खुद मर्दों को बड़ा नुकसान पहुंचाया। उसे रोने नहीं दिया, उसके इमोशंस को रोका, उस पर कमाने का बोझ लादा। नामर्दगी के दबाव में ही वह शिलाजीत ढूंढता फिरता है। 'घर का काम कौन करे', इस मुद्दे पर कमला का सहज सा जवाब एक सरल से सवाल के रूप में सामने आया, 'क्या घर का काम करने के लिए बच्चेदानी की जरूरत है' सुनने वाले आशय समझ अवाक रह गए। पहली दफा जब उन्होंने लखपति और करोड़पति का मतलब पूछा तो थोड़ा अटपटा सा लगा। समझ नहीं आया कि मतलब है क्या फिर वह खुद ही बोलीं, 'लखपति लाख रुपये का मालिक, करोड़पति करोड़ रुपये का मालिक, और फिर औरत का पति तो औरत का मालिक हुआ ना' इतनी गहरी बात इतनी आसानी से कही कि दिमाग में चिपक कर रह गई। यह था उनका अंदाजे बयां।

दूरदराज के गांवों से आई महिलाएं जब उनकी वर्कशॉप में आतीं, तो पहले उन महिलाओं की झिझक तोड़ने के लिए वह खुद ही उनके साथ गाने-नाचने लगतीं। अपने लिखे गीतों को वह महिलाओं की झिझक के अंदर पहुंचने का सबसे सशक्त जरिया बनातीं, 'बहना चेत सको तो चेत, जमानो आयो चेतन रे।' और, 'तोड़-तोड़ के बंधनों को देखो बहनें आती हैं,' या फिर, 'आएंगी, जुल्म मिटाएंगी, वो तो नया जमाना लाएंगी।' आज महिला आंदोलन के लिए तैयार हर लड़की कमला भसीन के ही लिखे गीत गाती है। सैकड़ों नारे गढने वाली कमला ने जब 'आजादी-आजादी, हक है हमारा आजादी' का नारा लगाया, तो उनके साथ एक वक्त में दुनिया भर की एक अरब महिलाओं ने इसे दोहराया था, जो कि एक रेकॉर्ड है। उनकी उर्दू जुबान कुछ लखनवी और पंजाबी टच लिए बहुत साफ और रवां थी, उच्चारण की गलती कभी उनसे नहीं हुई। अपनों के बीच हमेशा वह हिंदुस्तानी में ही बोलना पसंद करती थीं। विदेश से आला तालीम लेने के बाद भी अंग्रेजी के अहंकार से वह मुक्त रहीं। नारीवाद की प्रबल पक्षधर कमला ने महिला आरक्षण के सवाल पर कहा कि सिर्फ महिला के संसद में आने से चीजें बेहतर नहीं होंगी। नारीवादी महिलाएं स्त्री-पुरुष समानता की बात करेंगी, तभी हालात बदलेंगे। बच्चे को बराबरी का इंसान बनाने के लिए उन्होंने बहुत कुछ लिखा। वह कहती हैं, 'तुम कपड़े पहनते हो हां जी, हां जी। तुम कपड़े धोते हो ना जी, ना जी। कपड़ों की हां, धोने की ना, ऐसे कैसे चले जहां' बलात्कार पर औरत की इज्जत लुटने का हाहाकार मचाने वालों को एक बार उन्होंने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, 'सारी कौम की इज्जत योनि में लाकर क्यों रख देते हो बलात्कार से तो इज्जत औरत की नहीं, मर्द की लुटती है। कमला का लिखा यह मशहूर शेर, 'रौंद सकते हो तुम फूल सारे चमन के, पर बहारों का आना नहीं रोक सकते', इंतेहापसंद ताकतों को बराबरी पर आधारित समाज बनाने के लिए आगाह करता है। चिट्टे दूधिया चांदी से चमकते बालों वाली हमारी पुरखिन को हम खिराजे अकीदत पेश करते हैं, उन्हें सलाम करते हैं। कमला भसीन की विरासत को आगे ले चलने के लिए इंसाफपसंद लोगों का जन सैलाब तैयार हो चुका है, जो उस जुनून को आगे ले जाने के लिए वादाबंद है।

महिला बिग बैश लीग में इस टीम से जुड़ी शेफाली वर्मा और राधा यादव

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय युवा बल्लेबाज शेफाली वर्मा और बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव दो बार की चैंपियन सिडनी सिक्सर्स के साथ महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में डेब्यू करेंगी। सोमवार को इसकी आधिकारिक पुष्टि हुई। अगले महीने शुरू होने वाली लीग के सातवें सत्र से पहले आयोजकों ने इसकी पुष्टि की। लीग के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से पोस्ट किए गए एक संदेश के मुताबिक, ' इस साल का सिडनी डर्बी मजेदार होना चाहिए। सिडनी सिक्सर्स ने भारतीय प्रतिभाओं शेफाली वर्मा और राधा यादव से करार किया है।' सिक्सर्स की टीम डब्ल्यूबीबीएल में अपने अभियान को 14 अक्टूबर को मेलबर्न स्टार्स के खिलाफ होबार्ट के ब्लंडस्टोन एरिना में शुरू करेगी। 17 साल की शेफाली 2019 में इंटरनेशनल लेवल पर डेब्यू करने वाली भारत की सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बनीं थी। उन्हें मौजूदा समय में दुनिया की बेस्ट बल्लेबाजी प्रतिभा माना जाता है। वह आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रैंकिंग में शीर्ष पर है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को 56 रनों की उनकी परिपक्व पारी ने भारत को जीत दिलाने के साथ मेजबान टीम के लगातार 26 जीत के सिलसिले को तोड़ने में अहम भूमिका निभाई थी।

क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' ने शेफाली के हवाले से कहा, ' यह मेरे लिए एक बहुत अच्छा मौका है और मेरी कोशिश इसका लुत्फ उठाने की है। मैं इस दौरान कुछ नए दोस्त बनाना और मस्ती करना चाहती हूं। मैं डब्ल्यूबीबीएल में खेलना चाहती हूं और खुद पर भरोसा रखना चाहती हूं।' उम्मीद है कि शेफाली सिक्सर्स के लिए शीर्ष क्रम में एलिसा हीली, एलिसे पेरी और ऐश गार्डनर के साथ खतरनाक संयोजन बनाएंगी। दाएं हाथ की यह बल्लेबाज इस साल जून में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी (पुरुष या महिला) बनीं थी। उन्होंने इसके बाद सिक्सर्स के मुख्य कोच बेन सॉयर की देखरेख में 'द हंड्रेड' में बर्मिंघम फीनिक्स का प्रतिनिधित्व किया था। सॉयर ने कहा, ' शेफाली बहुत प्रभावशाली है। वह विशेष प्रतिभा है और बेखौफ होकर खेलती है। वह मैदान के विभिन्न क्षेत्रों में शॉट लगाती है और हमारी टीम की शीर्ष चार बल्लेबाजों में वह अन्य तीन बल्लेबाजों से अलग तरह के शॉट खेलती है।' शेफाली के साथ राधा भी इस टीम से जुड़ने को लेकर उत्सुक है। वह 2018 टी20 विश्व कप (महिला) में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज थी। बायें हाथ की 21 साल की यह स्पिनर आईसीसी टी20 गेंदबाजों की मौजूदा रैंकिंग में 11वें स्थान पर है। राधा ने कहा, ' बहुत सारी युवा भारतीय लड़कियां (क्रिकेटर) डब्ल्यूबीबीएल में खेलना चाहती हैं। यह एक बहुत अच्छा मानक है और मैं इस साल सिक्सर्स के प्रतिनिधित्व का मौका मिलने से बहुत खुश हूं।'

संजू सैमसन के आईपीएल में 3000 रन पूरे, ऑरैंज कैप अपने नाम की

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सीजन के 40वें मुकाबले में सोमवार को राजस्थान रॉयल्स का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से हो रहा है। यह मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने अपना अर्धशतक पूरा कर लिया है। इस अर्धशतक के साथ ही संजू ने आईपीएल में अपने 3000 रन पूरे कर लिए है।। संजू आईपीएल में 3000 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले 19वें बल्लेबाज बन गए हैं। आईपीएल में उनका सर्वोच्च स्कोर 119 रनों का है। संजू ने आईपीएल के इतिहास में अबतक तीन शतक और 15 अर्धशतक लगाए हैं। संजू के अब 117 आईपीएल मैचों में 3017 रन हो गए हैं। उन्होंने सोमवार को हैदराबाद के खिलाफ 57 गेंदों पर 82 रन की लाजवाब पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने सात चौके और तीन छक्के उड़ा। उन्होंने आईपीएल 2019 में 342 और 2020 में 375 रन बनाए थे। इस सीजन में अब वह 10 मैचों में 433 रन बना चुके हैं और इसके साथ ही उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के शिखर धवन से ऑरैंज कैप हासिल कर ली है। सैमसन इस सीजन में अबतक एक शतक और दो अर्धशतक लगा चुके है। हैदराबाद ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 164 रनों का स्कोर बनाया है। संजू के अलावा यशस्वी जयसवाल ने 36 रनों का योगदान दिया। महिपाल 29 और राहुल तेवतिया बिना खाता खोले नॉटआउट रहे। गेंदबाजी में हैदराबाद की ओर से सिद्धार्थ कॉल ने 2 विकेट झटके, जबकि राशिद खान और भुवनेश्वर कुमार ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।

सबा करीम ने बताया, विराट कोहली को टी-20 वर्ल्ड कप में किस नंबर पर बल्लेबाजी करना चाहिए

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय कप्तान विराट कोहली को आईपीएल में ओपनिंग करने का काफी अनुभव हो गया है। कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए बतौर ओपनर अबतक 71 पारियों में 45.72 की औसत से 2652 रन बनाए हैं, जिसमें पांच शतक और 18 अर्धशतक शामिल है। कोहली ने भले ही इंटरनेशनल लेवल पर ज्यादातर नंबर तीन पर बल्लेबाजी की हो, लेकिन आईपीएल में उन्होंने जब से आरसीबी के लिए ओपनिंग करना शुरू किया है, उनके प्रदर्शन में काफी सुधार आया है। इस बीच, भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज सबा करीम का मानना है कि कोहली को आगामी टी20 विश्व कप में भारत के लिए भी ओपनिंग करनी चाहिए। भारतीय कप्तान ने इस मार्च में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के आखिरी मैच के बाद इस बात के संकेत दिए थे कि वह भारत के लिए विश्व कप में ओपनर के तौर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं।स्पोर्टसक्रीड़ा के मुताबिक, सबा करीम ने यूट्यूब चैनल खेल नीति पर कोहली के बतौर ओपनर खेलने की संभावनाओं पर बात की। उन्होंने कहा, ' आगामी टी20 वर्ल्ड कप में कोहली की भारत के लिए पारी की शुरुआत करने की प्रबल संभावना दिख रही है क्योंकि वह ओपनिंग करना पसंद कर रहे हैं। वह अच्छी स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे हैं। वह इस चीज को लेकर क्लीयर हैं कि कौन से शॉट खेलने हैं और उसे किस तरह के जोखिम उठाने हैं, इसलिए यह सब इसे लागू करने के बारे में है। कोहली ने आईपीएल 2021 के दूसरे फेज की शुरुआत से पहले सोशल मीडिया पर इस बात की घोषणा कि थी कि आगामी टी20 विश्व कप के बाद वह इस प्रारूप में कप्तानी करना छोड़ देंगे। हालांकि इस प्रारूप में वह बतौर बल्लेबाज खेलना जारी रखेंगे।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने एशेज सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने से मना किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने सोमवार को कहा कि खिलाड़ी बायो बबल से सुरक्षित माहौल में रहकर परेशान हो चुके हैं। उन्होंने एशेज से पहले ऑस्ट्रेलिया में 'बेवकूफाना पृथकवास नियमों' को हटाने की मांग की। ऑस्ट्रेलिया में होने वाली एशेज सीरीज पिछले कुछ समय से सुर्खियों में हैं और इंग्लैंड के कई खिलाड़ी इस समय ऑस्ट्रेलिया में लागू कोविड-19 नियमों को लेकर आशंकाएं जता चुके हैं। पांच मैचों की एशेज टेस्ट सीरीज आठ दिसंबर से शुरू होनी है और यह 18 जनवरी तक चलेगी। लेकिन इस दौरे का भविष्य अभी स्पष्ट नहीं है क्योंकि पाबंदियों को देखते हुए इंग्लैंड के कई सीनियर खिलाड़ी बहिष्कार की संभावना पर विचार कर रहे हैं।पीटरसन ने ट्वीट किया, ' मेरे इन सर्दियों में एशेज के लिए जाने का सवाल ही नहीं उठाता। शून्य संभावना। जब तक पृथकवास के बेवकूफाना नियम हटाए नहीं जाते और मेरा परिवार बिना किसी पाबंदी के यात्रा नहीं कर पाता, मैं नहीं जाऊंगा। खिलाड़ी अब बायो बबल से सुरक्षित माहौल से परेशान हो चुके हैं।'

हाल में ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने एशेज के लिए इंग्लैंड के क्रिकेटरों के परिवारों की यात्रा पर प्रतिबंध का मुद्दा ऑस्ट्रेलिया के अपने समकक्ष स्कॉट मौरिसन के साथ वाशिंगटन डीसी की राजनयिक यात्रा के इतर उठाया था। जॉनसन ने अमेरिका की राजधानी में कहा था, ' मैंने यह मुद्दा उठाया है (मौरिसन के साथ) और उन्होंने कहा है कि वह परिवारों के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। वह यह बात समझ गए हैं कि क्रिकेटरों के लिए क्रिसमस के दौरान अपने परिवार से दूर रहना बेहद मुश्किल है। उन्होंने कहा है कि वह बात करेंगे बताएंगे कि क्या वह कोई हल ढूंढ सकते हैं। अगले महीने शुरू होने वाला टी20 विश्व कप संयुक्त अरब अमीरात में बायो बबल में सुरक्षित माहौल में खेला जाना है और ऐसे में इंग्लैंड के सभी प्रारूपों में खेलने वाले खिलाड़ी अगर ऑस्ट्रेलिया जाते हैं तो उन्हें लगभग चार महीने तक जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में रहना पड़ सकता है।

एचडीएफसी बैंक के सहयोग से स्थापित आक्सीजन प्लांट का लोकार्पण

जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, एमएलए दीनानाथ भाष्कर व जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने संयुक्त रूप से किया उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

औराई। कोरोना की दूसरी लहर के दौरान आई आक्सीजन की कमी को दूर करने के उद्देश्य से लगवाए जा रहे आक्सीजन प्लांट अब सक्रिय होने लगे हैं। जिला अस्पताल के बाद अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी लगाए गए प्लांट से आक्सीजन का उत्पादन शुरू हो गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औराई में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी व सीएमओ डॉक्टर संतोष चक ने संयुक्त रूप से आक्सीजन प्लांट का उद्घाटन किया।

कोरोना की संभावित तीसरी लहर की आशंका के दृष्टिगत स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने का प्रयास अनवरत जारी है। एचडीएफसी बैंक के सहयोग से तैयार हुए इस आक्सीजन प्लांट से अब औराई अस्पताल आक्सीजन के मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर बन गया है। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि कोरोना की संभावित तीसरी लहर को देखते हुए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। अस्पताल में ओपीडी चालू हो गयी है। सामान्य रोगी अस्पताल में अपना इलाज करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोविड संक्रमितों को ऑक्सीजन की सुविधा मुफ्त दी जाएगी। उन्होंने इस कार्य के प्रति सभी अधिकारी व जनप्रतिनिधि और एचडीएफसी बैंक का धन्यवाद ज्ञापित किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी व विधायक दीनानाथ भाष्कर ने कहा कि दूसरी लहर के दौरान उत्पन्न हुए संकट को देखते हुए शासन की ओर से कोविड अस्पतालों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि लोगों को किसी भी तरह की स्वास्थ्य सेवाओं में असुविधा ना होने पाए। विधायक ने आशा संघ की जिलाध्यक्ष को यह आश्वासन देते हुए कहा की आशाओं के पद को स्थाई बनाने के लिए शासन को पत्र लिखेंगे। सीएमओ ने बताया कि भदोही को कोरोना मुक्त जनपद बना लिया गया है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संतोष कुमार चक, जिला सूचना अधिकारी प्रवीण मालवीय, सीएमओ स्टाफ विनय भारती व संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

डायरिया को लेकर सतर्क हुआ महकमा

गोपीगंज। नगर मे डायरिया के प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया। सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर नगर के पीड़ित बस्ती मे स्वास्थ्य कर्मियों ने दवा वितरित किया। गोपीगंज के कोइरान मोहाल मे डायरिया से पीड़ित लोगों के अस्पताल पहुंचने व सोनिया तालाब के बस्ती में एक बालक की मौत की रविवार को मौत हो गई थी। इसकी जानकारी पर रविवार की रात मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संतोष कुमार चक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज के साथ निजी अस्पताल पहुंच कर डायरिया से पीड़ित लोगों की जानकारी ली थी। पीड़ितों की जानकारी लेने के बाद चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी करते हुए दवा वितरित कराने का फरमान जारी किया। सोमवार को नगर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम कोइरान महाल, अलीनगर, सोनिया तालाब आदि बस्ती में दवा वितरित किया। सोमवार को डायरिया से पीड़ित कोइरान महाल निवासी संदीप कुमार मौर्य को अस्पताल ले जाया गया। वही पहले से पीड़ित निहाल अहमद को अन्यत्र उपचार के लिए ले जाया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम दवा वितरित करने के साथ बचाव के लिए साफ सफाई व खान पान पर विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है।

सेध लगा आटा चक्की गोदाम में चोरी

गोपीगंज। नगर में राजमार्ग पड़ाव पर स्थित आटा चक्की गोदाम में रविवार की रात सेध लगा कर चोर मशीनरी का सामान उठा ले गये,सुबह चोरी की जानकारी होने पर थाने मे तहरीर दी गई है। गोपीगंज थाना क्षेत्र के जोगिनका निवासी समर बहादुर सिंह की आटा चक्की पड़ाव पर राजमार्ग किनारे स्थित है। रविवार की रात चोर गोदाम के पीछे खिड़की के बगल से सेध लगाकर अंदर रखे मशीनरी के उपकरण व अन्य सामान उठा ले गये।

हैदराबाद ने पिछले मैच में असफल रहने वाले डेविड वॉर्नर को किया बाहर, जेसन रॉय को मिला डेब्यू का मौका

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सीजन में सोमवार को राजस्थान रॉयल्स का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से हो रहा है। यह मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी का फ़ैसला किया है। तालिका में सबसे नीचे खड़ी सनराइजर्स हैदराबाद ने इस मैच में 4 बड़े बदलाव किए हैं। टीम ने पिछले मैच में विफल रहने वाले ओपनर डेविड वॉर्नर को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। वॉर्नर के अलावा मनीष पांडे, केदार जाधव को बाहर का रास्ता दिखाया गया है। वॉर्नर ने पिछले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ केवल दो ही रन बनाए थे। उन्हें मोहम्मद शमी ने आउट किया था। हैदराबाद ने वॉर्नर की जगह जेसन रॉय को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया है। रॉय इस मैच से हैदराबाद के लिए आईपीएल में डेब्यू कर रहे हैं। एसआरएच ने रॉय के अलावा प्रियम गर्ग, अभिषेक वर्मा को मौका दिया है। साथ ही चोटिल खलील अहमद की जगह सिद्धार्थ कौल को टीम में शामिल किया गया है।

वहीं, राजस्थान टीम की बात करें तो कप्तान संजू सैमसन ने अपनी टीम की प्लेइंग इलेवन में दो बदलाव किए हैं। राजस्थान ने चोटिल तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी को आराम दिया है। साथ ही क्रिस मॉरिस और इविन लुइस की टीम में वापसी हुई है।

राजस्थान रॉयल्स : संजू सैमसन (कप्तान/विकेटकीपर), एविन लुइस, यशस्वी जायसवाल, महिपाल लोमरोर, लियाम लिविंगस्टोन, रियान पराग, राहुल तेवतिया, क्रिस मॉरिस, जयदेव उनादकट, चेतन सकारिया और मुस्तफिजुर रहमान।

सनराइजर्स हैदराबादः केन विलियमसन (कप्तान), जेसन रॉय, ऋद्धिमान साहा, प्रियम गर्ग, अभिषेक शर्मा, जेसन होल्डर, अब्दुल समद, राशीद खान, भुवनेश्वर कुमार, संदीप शर्मा और सिद्धार्थ कौल।

हादसे में उपचार के दौरान दो और लोगों की मौत

अखंड भारत संदेश

चौरी। स्थानीय थाना क्षेत्र के भाला निवासी चौहान बस्ती में रविवार को प्रातः उमाशंकर चौहान 90 वर्ष की मौत हो गई थी। वहीं गांव के डेढ दर्जन से अधिक लोग शव का अंतिम संस्कार करने के लिए भोगाव घाट जा रहे थे। इस दौरान औराई थाना क्षेत्र के आशापुर गांव के निकट शव लदे मैजिक वाहन में पीछे से ओवर टेक के चक्कर में पिकअप ने जोरदार धक्का मार दिया था। जिससे शव लदा मैजिक वाहन पटरी पर पलट गया था। मैजिक में सवार रामेश्वर चौहान 45 वर्ष पुत्र रामराज की सिर में गंभीर चोट लगने के चलते मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं गंभीर रूप से घायल अन्य लोगों को भदोही के महाराजा बलवंत सिंह राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। जहां चिकित्सकों ने चार गंभीर रूप से घायल लोगों ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया था। वहीं इलाज के दौरान मृतक रामेश्वर चौहान का बड़ा भाई सांवर लाल चौहान 48 वर्ष पुत्र रामराज व कन्हैया लाल चौहान 56 वर्ष पुत्र सुनायक चौहान की भी मौत हो गई। इस संबंध में औराई पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस हृदय विदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है और किसी के घर पर चुल्हे नहीं जले।

आज होगा जिले में सपा नेताओं का जमावड़ा

अखंड भारत संदेश

भदोही। समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप तिवारी का 28 सितम्बर दिन मंगलवार का जिले में आगमन होगा। वे मिर्जापुर से जिले में प्रवेश करेंगे। भदोही-मिर्जापुर के बॉर्डर पर नरऊर गांव में उनका सपाइयों द्वारा स्वागत किया जाएगा। साथ ही सुबह 10:00 बजे मटरू महावीर मंदिर जगन्नाथपुर में उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन होगा। इसके बाद 12:00 बजे समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेत्री डा. नीलम मिश्रा के नेतृत्व गोपीगंज इंटर कालेज के बगल में उनके लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया है। वे कार्यक्रम में शामिल होकर वहां मौजूद पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इसके अलावा समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व मंत्री जानकी पाल, पार्टी के प्रदेश सचिव श्यामलाल पाल, वरिष्ठ नेत्री सुषमा पाल व समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष काशीनाथ पाल दोपहर के 2:00 बजे जनयात्रा लेकर सुरियावां पहुंचेंगे। उसके बाद वे जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर पाल समाज के लोगों को संबोधित करेंगे।

राजस्थान में नहीं बदला जाएगा मुख्यमंत्री, हरीश चौधरी ने किया दावा, कहा-गहलोत के साथ 100 से ज्यादा विधायक

जयपुर (एजेंसी)। पंजाब के बाद राजस्थान में भी नेतृत्व परिवर्तन के कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि समय-समय पर इस कयास को धता बताने की कोशिशें होती रही हैं। कुछ ऐसी ही कोशिश राजस्थान में इन दिनों होती नजर आ रही है। यहां पर अशोक गहलोत सरकार में राजस्व मंत्री हरीश चौधरी ने पंजाब की तर्ज पर राजस्थान में नेतृत्व परिवर्तन के कयासों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के समर्थन में सौ से ज्यादा विधायक हैं। पंजाब में मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह को बदलने के लिए

पर्यवेक्षक बनाये गये श्री चौधरी ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि कि राजस्थान में परिस्थितियां पंजाब से अलग हैं। उन्होंने कहा कि गहलोत का स्वास्थ्य ठीक नहीं होने से उनका दिल्ली जाने का कार्यक्रम नहीं हो पाया। पंजाब की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कैप्टन को बहुत कुछ दिया। विधायकों के चाहने पर ही उन्हें बदला गया।

हरीश चौधरी ने कहा कि विधायकों की मांग के कारण ही कैप्टन अमरिंदर सिंह को हटाया गया। ऐसे में उनके अपमान का कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने कहा कि पंजाब में ऐतिहासिक निर्णय हुआ है। एक व्यक्ति जिसने टेंन्ट मजदूर के तौर पर काम किया उसे मुख्यमंत्री बनाया गया है जो कांग्रेस में ही संभव है। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ हुई मुलाकात के मामले में श्री चौधरी ने कोई टिप्पणी नहीं की।

गुजरातः कोविड मृतकों को श्रद्धांजलि देने से सरकार का इन्कार, कांग्रेस विधायकों का सदन से वॉकआउट

गांधीनगर (एजेंसी)। गुजरात विधानसभा में कांग्रेस विधायकों ने राज्य में कोरोना वायरस से जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि देने का अनुरोध किया, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष निमाबेन आचार्य के इन्कार करने पर विपक्षी पार्टी के विधायक विरोधस्वरूप सदन से वॉकआउट कर गए। वहीं, मामले में सरकार का अपना पक्ष ये है कि सदन पहले ही कोरोना से मरने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दे चुका है। कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष परेश धनानी ने सदन से बाहर आकर कहा कि उनकी पार्टी के विधायकों ने इसलिए भी वाकआउट किया,।

भारत बंदः प्रदर्शनकारियों ने पुलिस अधिकारी के पैर पर चढ़ाई कार

बेंगलुरु (एजेंसी)। तीन कृषि कानूनों के विरोध में सोमवार को किसान संगठनों का बंद काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा। हालांकि, कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से दुखद तस्वीर सामने आई है। यहां प्रदर्शनकारियों ने एक पुलिस अधिकारी के पैर पर कार का पहिया चढ़ा दिया। जख्मी डीसीपी धर्मेंद्र कुमार मीणा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बेंगलुरु में नॉर्थ डिवीजन के डीसीपी मीणा गोरागनतेपालया में वाहन को रोकने का प्रयास कर रहे थे, जिसमें प्रदर्शनकारी सफर कर रहे थे। इसी

दौरान यह घटना हुई। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जख्मी पुलिस अधिकारियों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। केंद्र सरकार के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ विभिन्न किसान यूनियन के भारत बंद के कारण भारत के कई हिस्सों में, विशेष रूप से हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जनजीवन सोमवार को बाधित हो गया।

कल 'अमूल हनी' लॉन्च करेंगे कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर, सरकार का मधु क्रांति पर फोकस

नई दिल्ली (एजेंसी)। मंगलवार को केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर अमूल हनी लॉन्च करेंगे। कृषि मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि सरकार ने शहद के उत्पादन को बढ़ावा देने और इसके निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन (एनबीएचएम) शुरू किया है। सरकार ने देश में एकीकृत कृषि प्रणाली के हिस्से के रूप में मधुमक्खी पालन के महत्व को ध्यान में रखते हुए तीन साल (2020-21 से 2022-23) के लिए "ंश् के लिए 500 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। मिशन की घोषणा आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत की गई है।

अधिकारियों ने बताया कि एफपीओ के तहत इस केंद्रीय योजना में शहद उत्पादकों के रूप में 100 उत्पादक संगठन बनाए जाएंगे।को भी प्रक्रिया में शामिल किया गया है। एक अधिकारी ने बताया, ठराष्ट्रीय मधुमक्खी पालन मिशन की मदद से एफपीओ के गठन, समूहों की पहचान और मधुमक्खी पालन गतिविधियों को लागू करने के कार्यक्रम को लागू किया जाएगा।ठ एएनआई से बातचीत में एक अधिकारी ने कहा कि अमूल सहकारी समिति का मजबूत नेटवर्क है और इसी के तहत शहद एकत्रीकरण, पैकेजिंग और ब्रांडिंग की प्रक्रिया में भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड के तहत वैज्ञानिकों की मदद और उच्च तकनीक मधुमक्खी पालन से 'मधु क्रांति' हासिल की जाएगी।

भगत सिंह को माला पहनाकर जिग्नेश के साथ आज कॉमरेड कन्हैया भी हो जाएंगे कांग्रेसी

नई दिल्ली (एजेंसी)। जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष और सीपीआई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य कन्हैया कुमार और गुजरात के युवा नेता जिग्नेश मेवाणी की बहुचर्चित कांग्रेस यात्रा 28 सितंबर को भगत सिंह जयंती पर पूरी होने जा रही है। राहुल गांधी दोनों नेताओं को दोपहर 3 बजे के करीब बंद कमरे में पार्टी की सदस्यता दिलाएंगे और उसका फोटो व वीडियो जारी किया जाएंगे। हालांकि, इसके बाद की प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल उनके साथ मीडिया के सामने नहीं आएंगे। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि कन्हैया और जिग्नेश की कांग्रेस में शामिल होने की प्रक्रिया को पार्टी युवाओं

में जोश भरने के मौके के तौर पर ले रही है, लेकिन पूरी सावधानी भी बरत रही है। कन्हैया और जिग्नेश मेवाणी मंगलवार की दोपहर 2.30 बजे आईटीओ के पास स्थित शहीद पार्क में भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने जाएंगे। हालांकि यहां इनके साथ राहुल गांधी होंगे या नहीं, इसको लेकर अंतिम फैसला कल ही होने की संभावना है लेकिन माना जा रहा है कि वह यहां दोनों के साथ रहेंगे। इसके बाद दोनों को कांग्रेस मुख्यालय में 3 बजे राहुल गांधी पार्टी की सदस्यता दिलाएंगे। बताया जा रहा है कि सदस्यता दिलाने की यह प्रक्रिया मीडिय के सामने नहीं होगी, सिर्फ इसका फोटो या वीडियो मीडिया के लिए जारी किया जाएगा। इसके बाद साढ़े तीन बजे कांग्रेस दफ्तर में ही प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी, जिसमें कन्हैया और जिग्नेश के साथ रणदीप सिंह सूरजेवाला, हार्दिक पटेल और केसी वेणुगोपाल होंगे। कन्हैया और जिग्नेश के कांग्रेस में शामिल होने की च चा करीब महीने भर से है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी नीतियों के धुर विरोधी मान जाने वाले दोनों नेताओं को पार्टी में शामिल करवाकर कांग्रेस मोदी के खिलाफ अपने आक्रमण को धार देने में जुटी है।

भारत की जवाब से बौखलाया ड्रैगन, पूर्वी लद्दाख के कई अग्रिम इलाकों में सैनिकों के लिए बढ़ा रहा ठिकाने

नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन ने भारतीय सैनिकों की तैनाती के जवाब में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अपनी ओर, ऊंचाई वाले कई अग्रिम क्षेत्रों में अपने जवानों के लिए नए मॉड्यूलर कंटेनर आधारित आवास (अस्थायी टेंट) स्थापित किए हैं। घटनाक्रम से अवगत लोगों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये टेंट अन्य स्थानों के अलावा ताशीगोंग, मांजा, हॉट स्प्रिंग्स और चुरुप के पास लगाए गए हैं जो क्षेत्र में दोनों पक्षों के बीच तनाव को दर्शाता है।उन्होंने बताया कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) पिछले साल इस क्षेत्र में अपने दुस्साहस पर भारतीय प्रतिक्रिया के प्रभाव को महसूस कर रही है और चीनी सेना को इस क्षेत्र में सैनिकों की लंबी तैनाती तथा बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने कहा कि पिछले साल चीनी कार्रवाई के बाद भारतीय प्रतिक्रिया, खासकर गलवान घाटी टकराव के बाद, ने पड़ोसी देश को हैरान कर दिया और उसने उन क्षेत्रों में सैनिकों को तैनात किया जहां पहले कभी तैनाती नहीं होती थी।

मायावती को बड़ा झटका देने की तैयारी में सपा

बसपा महासचिव आरएस कुशवाहा ने अखिलेश यादव से की मुलाकात

लखनऊ (एजेंसी)। यूपी में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मेल-मुलाकात का दौर तेज हो चुका है। सभी पार्टियों ने अपनी गोटियां सेट करनी शुरू कर दी है। समाजवादी पार्टी अब बसपा सुप्रीमो मायावती को बड़ा झटका देने की तैयारी कर रही है। बसपा के राष्ट्रीय महासचिव आरएस कुशवाहा ने सोमवार को समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की। मुलाकात की तस्वीर खुद समाजवादी पार्टी ने ट्वीट की है। इससे पहले बसपा के कद्दावर नेता रहे रामअचल राजभर औ? लालजी वर्मा ने अखिलेश से मुलाकात की थी। कुशवाहा की मुलाकात के बाद उनके सपा में आने की चर्चा तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी कार्यालय में हुई मुलाकात को

फिलहाल दोनों ओर ने ठशिष्टाचार मुलाकातठ बताया गया है। समाजवादी पार्टी ने दोनों नेताओं की तस्वीर ट्वीट करते हुए लिखा कि बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आरएस कुशवाहा ने पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात के बार में कुशवाहा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि यह शिष्टाचार मुलाकात थी।उन्होंने समाजवादी पार्टी सुप्रीमो के साथ हुई बातचीत के बारे में विस्तार से बताए बिना कहा कि हां, मैं अखिलेश जी से मिला। यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी। लखीमपुर के रहने वाले कुशवाहा बसपा की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष थे। जब 2018 में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के बीच महागठबंधन बना था।

अशरफ गनी ने की तालिबान को मान्यता देने की मांग कहा- हैक कर लिया फेसबुक

काबुल (एजेंसी)। अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति अशरफ गनी का कहना है कि उनका फेसबुक पेज हैक हो गया था। उस पेज के जरिए तालिबान की मान्यता देने की बात कही गई थी। समाचार एजेंसियों के अनुसार, गनी के फेसबुक पेज से सुन्नी पश्तून समूह की आवाजाही में मदद करने और अफगान संपत्ति को अनफ्रीज करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया गया था। 15 अगस्त को काबुल से भागे अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति ने ट्विटर पर लिखा कि उनका आधिकारिक फेसबुक पेज कल से हैक कर लिया गया है। बाद में प्रकाशित कोई भी पोस्ट तब तक अमान्य है जब तक कि

अकाउंट वापस नहीं हो जाता।

गनी ने पश्तो में ट्वीट किया, ङ्कडॉ मोहम्मद अशरफ गनी का आधिकारिक फेसबुक पेज हैक कर लिया गया है। जब तक इसे पुनः प्राप्त नहीं किया जाता, फेसबुक पेज पर कल से प्रकाशित पोस्ट अब मान्य नहीं हैं। पिछले महीने तालिबान द्वारा काबुल की घेराबंदी करने के बाद गनी संयुक्त अरब अमीरात भाग गए थे। इस्लामी कट्टरपंथी गनी के प्रत्यर्पण की मांग नहीं कर रहे हैं। समूह ने पूर्व राष्ट्रपति पर चार कारों और नकद राशि से भरा एक हेलिकॉप्टर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने मांग की है कि वह इसे तालिबान सरकार को वापस लौटाए। गनी ने आरोपों का स्पष्ट रूप से खंडन किया है।8 सितंबर को जारी एक बयान में, गनी ने कहा, ठमैं यहां अपने बयानों की सत्यता को साबित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान या किसी अन्य उपयुक्त स्वतंत्र निकाय के तहत एक आधिकारिक ऑडिट या वित्तीय जांच का स्वागत करता हूं। मेरे करीबी सहयोगी अपने वित्त को सार्वजनिक लेखा जांच में जमा करने के लिए तैयार हैं।

अफगानिस्तान और म्यांमार में बंदूक से सत्ता हासिल करने वालों को ळ~ने दिया बड़ा झटका

संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)। बंदूक की दम पर अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज तालिबान और म्यांमार में तख्तापलट करने वाली सैन्य सरकार के मंसूबों पर संयुक्त राष्ट्र ने पानी फेर दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अफगानिस्तान और म्यांमार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में बोलने का मौका नहीं दिया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76वें सत्र के उच्च स्तरीय आम चर्चा के आखिरी दिन के वक्ताओं की सूची में अफगानिस्तान और म्यांमार से किसी वक्ता का नाम शामिल नहीं है। शुक्रवार को, महासचिव के प्रवक्ता, स्टीफन दुजारिक ने कहा था कि 'अभी तक', सोमवार के लिए सूची में अंकित अफगानिस्तान के प्रतिनिधि गुलाम एम. इसाकजई हैं। म्यांमार में तख्तापलट के बाद, इसके सैन्य शासकों ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र में देश के राजदूत क्याव मो तुन को बर्खास्त कर दिया गया है और वे चाहते हैं कि आंग थुरिन उनकी जगह लें। सैन्य अधिग्रहण के हफ्तों बाद गत 26 फरवरी को महासभा की बैठक में तुन ने देश में लोकतंत्र को बहाल करने के लिए 'अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मजबूत संभव कार्रवाई' करने की अपील की थी। उधर, विदेशी सैनिकों की वापसी के बाद हाल ही में लोकतांत्रिक सरकार को उखाड़कर बंदूक के सहारे सत्ता पर कब्जा जमाने वाले तालिबान की इच्छा भी पूरी नहीं हो पाई। पिछले सप्ताह तालिबान ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतिनो गुआतरेस को खत लिखकर अपने प्रवक्ता सुहैल शाहीन को संयुक्त राष्ट्र में अपना दूत नियुक्त करने और महामसभा को संबोधित करने का मौका देने की मांग की थी।

अमेरिका में सिख सैनिक को मिली पगड़ी पहनने की अनुमति, सेना के 246 साल के इतिहास में हुआ पहली बार

न्यूयॉर्क (एजेंसी)। अमेरिकी मरीन कॉर्प्स में 26 साल के एक सिख अफसर को अब पगड़ी पहनने की इजाजत दे दी गई है। अमेरिकी सेना के 246 साल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी सिख अफसर को पगड़ी पहनने की अनुमति दी गई है। हालांकि, सैनिक ने पूर्ण धार्मिक आजादी की मांग की है और ऐसा नहीं होने पर वह अपने कोर के खिलाफ मुकदमा करने पर भी विचार कर रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पांच साल से लगभग हर सुबह लेफ्टिनेंट सुखबीर तूर ने यूनाइडेट स्टेट्स मरीन कॉर्प्स की वर्दी पहन रहे थे। गुरुवार को उन्होंने एक वफादार सिख की पगड़ी भी पहनने का मौका मिल गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि मरीन कॉर्प्स के 246 साल के इतिहास में तूर पहले व्यक्ति हैं जिन्हें पगड़ी पहनने की अनुमति मिली है।

तूर ने एक इंटरव्यू में कहा कि

आखिरकार मुझे अपने विश्वास और अपने देश में किस को चुनने का अवसर नहीं आया। मैं जैसा हूं, वैसा ही रहते हुए दोनों का सम्मान करता हूं। तूर ने कहा कि जब उन्हें इसी साल कैप्टन के रूप में प्रमोट किया गया तो उन्होंने अपील करने का फैसला किया। रिपोर्ट में कहा गया है तूर ने इस अधिकार को हासिल करने के लिए संघर्ष किया है। इस साल जब वह पदोन्नति पाकर कैप्टन बने तो उन्होंने अपील का फैसला किया। खबर के अनुसार यह इतने लंबे समय तक चला इस तरह का पहला मामला था। बता दें कि वाशिंगटन और ओहायो में पले बढ़े भारतीय प्रवासी के बेटे तूर को कुछ सीमाओं के साथ ड्यूटी के दौरान पगड़ी पहनने की अनुमति मिली है। लेकिन युद्ध क्षेत्र में तैनात होने पर वह ऐसा नहीं कर सकेंगे।

चीन को बिजली ने दिया जोर का झटका, अंधेरे में रातें काट रहे लोग, अर्थव्यवस्था पर भी बड़ी चोट

ब्लूमबर्ग,बीजिंग (एजेंसी)। चीन में बिजली संकट गहरा गया है। कई राज्यों में लोगों को ना सिर्फ लोगों को अंधेर में रात काटनी पड़ रही है, बल्कि किल्लत इतनी बढ़ गई है कि आर्थिक गतिविधियों के

ठप होने से अर्थव्यवस्था को तगड़ी चोट लगने की संभावना जताई जा रही है। ग्लोबल सप्लाई चेन में बाधा आने से दूसरे देशों पर भी इसका असर पड़ सकता है। उत्तरी चीन के कई प्रांतों में बिजली की भारी किल्लत है। ट्रैफिक लाइट तक बंद हो जाने की वजह से सड़कों पर अफरा-तफरी का नजारा दिखता है। ऑस्ट्रेलिया से भी बड़े आकार का शहर गुआनदोंग एक औद्योगिक केंद्र हैं। यहां लोगों को घरों में प्राकृतिक रोशनी का इस्तेमाल और एसी का इस्तेमाल कम करने की सलाह दी गई है। यहां फैक्ट्रियों में पहले से ही बिजली कटौती हो रही है। घरेलू उपभोक्ताओं को भी आ रही दिक्कतों से पता चलता है कि चीन में कितनी तेजी से बिजली संकट बढ़ रहा है, क्योंकि आमतौर पर यहां जब आपूर्ति में कमी होती है तो पहले बड़े औद्योगिक उपभोक्ताओं को उपभोग घटाने के लिए कहा जाता है। नोमुरा होल्डिंग्स लिमिटेड और चाइना इंटरनेशनल कैपिटल कॉर्प ने बिजली कमी की वजह से विकास अनुमान को घटा दिया है। फैक्ट्रियों में बिजली कटौती से वैश्विक सप्लाई चेन के प्रभावित होने की भी आशंका बढ़ गई है।

चीन में बिजली कटौती की दो वजहें हैं। कुछ प्रांतों ने उत्सर्जन लक्ष्य को पूरा करने के लिए औद्योगिक कटौती का आदेश दिया है, जबकि अन्य को बिजली की वास्तविक कमी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि कोयले और प्राकृतिक गैस की लागत आसमान पर पहुंच गई है। चीन के सरकारी अखबार ने रविवार को एक संपादकीय में लिखा कि बिजली की कमी से कंपनियों को सामानों की कीमत बढ़ानी होगी। यह अर्थव्यवस्था और समाज के लिए अनावश्यक अव्यवस्था लाएगा। लिओनिंग, जिलिन और हेइलोंगजियांग जैसे उत्तरी प्रांतों को वीकेंड पर ब्लैकआउट का सामना करना पड़ा। ट्रैफिक लाइट बंद रहने से सड़कों पर अव्यवस्था फैल गई। चीनी मीडिया में यह भी कहा जा रहा है कि बिजली की यह किल्लत अगले साल मार्च तक रह सकती है और लोगों को पानी कटौती के लिए भी तैयार रहना चाहिए।

अंखड भारत संदेश के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

मुद्रक/प्रकाशक

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं.

UPHIN 2001/9025

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पर फेंका गया अंडा

नई दिल्ली (एजेंसी)। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पर एक शख्स ने सोमवार को अंडा फेंककर अपना विरोध प्रकट किया। यह घटना उस वक्त की है जब मैक्रों फ्रेंच गैस्ट्रोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए लियॉन का दौरा कर रहे थे। वीडियो फुटेज में दिख रहा है कि प्रदर्शनकारी ने राष्ट्रपति के कंधे को निशाना बनाया। बताया जा रहा है कि वह भीड़ से गुजर रहे थे, इसी बीच उन पर किसी अनजान शख्स ने अंडा फेंक दिया। इस दौरान आरोपी 'लांग लिव रेव्यूलेशन' का नारा लगा रहा था। फ्रेंच मीडिया के अनुसार, घटना के तुरंत बाद ही आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। वहीं, इस मामले में राष्ट्रपति मैक्रों के कार्यालय से किसी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। बता दें कि बीते जून माह में दक्षिणी फ्रांस दौरे के दौरान एक शख्स ने मैक्रों पर थप्पड़ मार दिया था।

तालिबान सरकार को मान्यता नहीं देगा इटली, कहा- कैबिनेट में हैं 17 आतंकवादी

रोम (एजेंसी)। इटली के विदेश मंत्री लुइगी डि माइओ ने अफगानिस्तान में कार्यवाहक तालिबान सरकार के नवनियुक्त मंत्रियों में से कम से कम 17 को 'आतंकवादी' करार देते हुए कहा है कि उनके देश के लिए इस सरकार को मान्यता देना असंभव है। खामा न्यूज ने सोमवार को बताया कि डि माइओ ने एक बयान में कहा कि तालिबान पर मानवाधिकारों के उल्लंघन का आरोप है और उसे इटली द्वारा मान्यता नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अफगानिस्तान के लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करनी चाहिए और दुनिया को शरणार्थियों का आगमन रोकने के लिए एक साथ आना चाहिए। बड़ी संख्या में शरणार्थियों के आगमन से क्षेत्रीय राष्ट्र अस्थिर हो जाएंगे। डि माइओ का यह बयान तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद के इस दावे के बाद आया है कि अफगानिस्तान में कार्यवाहक सरकार को जल्द ही मान्यता मिल जायेगी, क्योंकि वे संयुक्त राष्ट्र के संपर्क में हैं। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने मान्यता प्रदान करने के लिए कुछ शर्तें पहले से निर्धारित कर रखी हैं, जिनमें महिलाओं और मानवाधिकारों का सम्मान, समावेशी सरकार की स्थापना, अफगानिस्तान को आतंकवाद का सुरक्षित ठिकाना नहीं बनने देना आदि प्रमुख हैं। तालिबान ने हालांकि 15 अगस्त को जब से देश पर कब्जा किया है, तब से उसने इनमें से किसी शर्त को पूरा नहीं किया है।